Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 60 | रविवार, 02 मार्च -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## आईएमएफ का रिपोर्टः 6.5% की दर से बढ़ेगी भारत की जीडीपी



**नई दिल्ली।** भारत सरकार के दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, 2024-25 के दौरान देश की अर्थव्यवस्था के 6.5 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है। खाद्य कीमतों के झटके कम होने के कारण मुख्य महंगाई लक्ष्य के अनुरूप होने की उम्मीद है। मजबूत निजी निवेश और व्यापक आर्थिक स्थिरता के दम पर भारत की सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी दर 2025-26 में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ेगी। इस आधार पर यह सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति बरकरार रखेगा। अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक कोष (आईएमएफ) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत का मजबूत आर्थिक प्रदर्शन देश को 2047 तक एक उन्नत अर्थव्यवस्था बनने की महत्वाकांक्षा को साकार करने के लिए महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण संरचनात्मक सुधारों को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। भारत सरकार के दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, 2024-25 के दौरान देश की अर्थव्यवस्था के 6.5 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है।

## दिल्ली नौ विकेट से जीती



**नई दिल्ली।** आज महिला प्रीमियर लीग का 14वां मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और दिल्ली कैपिटल्स के बीच बंगलुरु में खेला गया।

आरसीबी ने एलिस पेरी की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 147 बनाए। जवाब में दिल्ली ने 15.3 ओवर में एक विकेट खोकर 151 रन बनाए और 27 गेंदों के शेष रहते मुकाबला अपने नाम कर लिया। शेफाली वर्मा और जेस जोनासन की 146* रनों की साझेदारी के दमपर दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को नौ विकेट से हरा दिया। शनिवार को बंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए महिला प्रीमियर लीग के 14वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने गत विजेता टीम को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया।। जवाब में दिल्ली ने 15.3 ओवर में एक विकेट खोकर 151 रन बनाए और 27 गेंदों के शेष रहते मुकाबला अपने नाम कर लिया।

## 'किसानों के लिए डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार'

# पीएम मोदी ने कहा- 'भारत की समृद्धि के लिए कृषि क्षेत्र का विकास जरूरी'

**नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषि सेक्टर को विकास का इंजन बताया और कहा कि बड़े लक्ष्य को पाने के लिए कृषि क्षमता का पूरा उपयोग करना चाहिए। उन्होंने बजट को विकसित भारत के विजन का नया विस्तार बताया और कहा कि अब विचार-विमर्श का नहीं, बल्कि क्रियान्वयन के प्रभावी तरीके पर जोर देना चाहिए, ताकि अच्छे से अच्छा और जल्दी से जल्दी परिणाम मिले। कृषि एवं ग्रामीण समृद्धि पर राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले पूर्ण बजट से जुड़े वेबिनार को संबोधित करते हुए पीएम ने निर्णयों एवं नीतियों को भी प्रभावी बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हम दो बड़े लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि कृषि सेक्टर के विकास के साथ-साथ गांवों की समृद्धि। प्रयास है कि विकसित भारत में अन्नदाताओं को गौरवपूर्ण स्थान मिले। पीएम ने नए बजट पर चर्चा से बचने की सलाह देते हुए कहा कि योजनाएं बन चुकी हैं। अब फोकस सिर्फ एक्शन पर होना चाहिए। क्रियान्वयन में दिक्कत क्या है। किस प्रकार के बदलाव की जरूरत है आदि। लक्ष्य हासिल करने के लिए सरकार के साथ सबको एक मत और एक लक्ष्य के साथ एक दिशा में चलना चाहिए। पीएम ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समृद्ध बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इसके लिए पीएम आवास योजना के तहत करोड़ों गरीबों को घर दिया जा रहा है। ग्राम सड़क योजना से छोटे किसानों और कारोबारियों को फायदा हुआ है। तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। सवा करोड़ बन चुकी हैं। बजट में ग्रामीण समृद्धि और विकास के कार्यक्रमों के जरिये रोजगार और निवेश के मौके बढ़े हैं। पीएम ने कृषि सेक्टर की विकास यात्रा भी बताई। कहा कि कृषि उत्पादन रिकार्ड स्तर पर है। दशक भर पहले तक कृषि उपज 2,650 लाख टन के करीब था, जो अब 3,300 लाख टन से ज्यादा हो गया है। इसी तरह बागवानी उत्पादन बढ़कर 3,500 लाख टन से ज्यादा हो गया है। यह बीज से बाजार तक की योजना, कृषि सुधार, किसानों का सशक्तीकरण और मजबूत वैल्यू चेन का परिणाम है।

बड़े लक्ष्य के लिए बजट में धन धान्य कृषि योजना का एलान किया गया है, जिसके तहत देश के सौ न्यूनतम कृषि उत्पादकता वाले जिलों के समग्र विकास पर फोकस किया जाएगा। दलहन में आयात पर निर्भरता का उल्लेख करते हुए पीएम ने कहा कि हमें दलहन उत्पादन बढ़ाना ही होगा।

### किसानों के लिए डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार

पीएम मोदी ने कहा कि देश भर के किसानों के लिए हमने डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया है, ताकि योजनाओं में बिचौलिये के घुसने की गुंजाइश ना रहे। हितधारकों से कहा कि आप जैसे अनुभवी का साथ मिल गया तो योजनाओं को मजबूती और पारदर्शिता के साथ धरातल पर उतारा जा सकता है। इसी के साथ पीएम मोदी ने हितधारकों को कृषि, ग्रामीण विकास और मस्त्य पालन क्षेत्र में निवेश के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि पोषण युक्त अन्न की मांग बढ़ रही है।

## तीन दिवसीय दौरे पर गुजरात पहुंचे पीएम



**गुजरात।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के तीन दिवसीय दौरे पर शनिवार की शाम जामनगर पहुंचे। यहां सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम के बाद रविवार को वह रिलायंस फाउंडेशन के पशु बचाव और पुनर्वास केंद्र वनतारा का दौरा करेंगे। अपने दौरे के दौरान प्रधानमंत्री गिर जिले में सासन गिर नेशनल पार्क भी जाएंगे और जंगल सफारी का आनंद लेंगे।

सोमवार को वह सोमनाथ महादेव मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे के बारे में गुजरात के मंत्री मुलुभाई बेरा ने कहा कि सभी तैयारियां कर ली गई हैं। प्रधानमंत्री तीन दिन के दौरे के दौरान जामनगर, द्वारका और गिर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री एक मार्च की शाम को जामनगर पहुंचें। जहां उन्होंने सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम किया। आज दिन में उनका जामनगर में वंतारा पशु देखभाल केंद्र का दौरा करने का कार्यक्रम है। वह जामनगर से रवाना होकर शाम को सासन पहुंचेंगे। सासन में वन विभाग के कार्यालय-सह-गेस्ट हाउस 'सिंह सदन' में पहुंचने के बाद, प्रधानमंत्री श्री सोमनाथ ट्रस्ट की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। वहीं, 3 मार्च को प्रधानमंत्री गिर राष्ट्रीय उद्यान में जंगल सफारी का आनंद लेकर अपने दिन की शुरूआत करेंगे। यहां से सिंह सदन लौटने के बाद, वे एनबीडब्ल्यूएल की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। गौरतलब है कि इस बैठक में वन्यजीवों से संबंधित राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी, साथ ही मुद्दों को अंतिम रूप दिया जाएगा। यह बैठक विशेष है, क्योंकि इसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री करेंगे।

## आगरा में भीषण सड़क हादसा...

# बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में चचेरे भाइयों समेत पांच की मौत

**आगरा।**




शादी समारोह में जा रहे युवकों की शनिवार रात बाइकों में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। अकोला-कागारौल मार्ग पर हुई दुर्घटना में एक ही परिवार के चार युवकों समेत पांच लोगों की मृत्यु हो गई। चारों मरने वाले चचेरे और तयेरे भाई हैं। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी होने पर युवकों के स्वजन मौके पर जुट गए। हंगामे की आशंका पर सैंया सर्किल का फोर्स पहुंच गया। घटना शनिवार रात 10:15 बजे की है। कस्बा सैंया के रहने वाले चचेरे और तयेरे भाई 30 वर्षीय सोनू, 35 वर्षीय वकील, 28 वर्षीय रामस्वरूप और 35 वर्षीय भगवान दास गढ़मुक्खा में परिचित की शादी में शामिल होने गए थे। चारों एक ही बाइक से दूसरी शादी में शामिल होने जा रहे थे। अकोला-कागारौल मार्ग पर नगला मीरा पर सामने आती तेज रफ्तार बुलट और सोनू की बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइकों पर सवार छह युवक कई फीट ऊपर हवा में उछल गए। चचेरे और तयेरे भाइयों की मौके पर मृत्यु हो गई। हादसे में बुलट बाइक पर सवार किरावली के रहने वाले 19 वर्षीय करन सिंह की भी मौके पर मृत्यु हो गई। करन का मित्र गहर्रा कलां कागारौल निवासी कान्हा गंभीर घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस और युवकों के स्वजन मौके पर पहुंच गए। स्वजन ने बताया कि कान्हा और करन गहर्रा खुर्द निवासी परिचित बच्चू सिंह की नातिन की शादी में शामिल होने जा रहे थे।

## यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे को जलाने में हर घंटे 500 लीटर डीजल की खपत



**इंदौर।** धार जिले के पीथमपुर स्थित रामकी संयंत्र में यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के कचरे के निष्पादन की प्रक्रिया के तहत शनिवार को भी इंसीनरेटर में कचरा जलाया गया। शुक्रवार दोपहर तीन बजे से शुरू हुई कचरे के निष्पादन की पहले चरण की प्रक्रिया में लगातार 74 घंटे यानी सोमवार शाम पांच बजे तक 10 टन कचरे को जलाया जाना है।

# सर्दी में बढ़ी तपिशः फरवरी में गर्मी ने तोड़ा 125 साल का रिकॉर्ड, उच्चतम तापमान बढ़ा

**नई दिल्ली।**



भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने मासिक समीक्षा में बताया कि मार्च से मई तक भी ज्यादा गर्मी पड़ने के आसार हैं। चिंता की बात यह है कि सर्दी के महीने फरवरी में न्यूनतम तापमान में अच्छी खासी वृद्धि हुई है। फरवरी 2025 में न्यूनतम तापमान 15.02 डिग्री सेल्सियस रहा, जो 125 साल के इतिहास में सर्वाधिक है। फरवरी में गर्मी ने 125 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। देश में फरवरी 2025 का औसम तापमान 22.04 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 1.34 डिग्री अधिक है। इससे पहले 2016 में फरवरी में सामान्य से 1.29 डिग्री अधिक तापमान रिकॉर्ड किया गया था। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने मासिक समीक्षा में बताया कि मार्च से मई तक भी ज्यादा गर्मी पड़ने के आसार हैं। चिंता की बात यह है कि सर्दी के महीने फरवरी में न्यूनतम तापमान में अच्छी खासी वृद्धि हुई है। फरवरी 2025 में न्यूनतम तापमान 15.02 डिग्री सेल्सियस रहा, जो 125 साल के इतिहास में सर्वाधिक है। फरवरी का सामान्य न्यूनतम तापमान 13.82 डिग्री सेल्सियस रहता है। फरवरी में उच्चतम तापमान भी 125 साल में दूसरा सबसे ज्यादा 29.07 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इससे पहले फरवरी, 2023 में इससे अधिक गर्मी पड़ी थी। उस समय उच्चतम तापमान 29.44 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। फरवरी माह में पश्चिमी विक्षोभ की संख्या अधिक होने के बावजूद बारिश कम हुई। फरवरी, 2025 में सामान्य से 50 फीसदी कम बारिश हुई, जबकि जनवरी में 67 फीसदी कम बारिश हुई। फरवरी 2025 में कुल 7 पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहे, जबकि सामान्यतः 5-6 पश्चिमी विभोग होते हैं।

# 'पहले दें सुरक्षा गारंटी, फिर करेंगे खनिज समझौते पर हस्ताक्षर'

**नई दिल्ली।**



यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ओवल ऑफिस में डोनाल्ड ट्रंप के साथ बहस के बाद खनिज समझौते पर हस्ताक्षर किए बिना निकल गए थे। इसके बाद, उन्होंने कहा कि वह खनिज समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार हैं, लेकिन इसके बदले उन्हें सुरक्षा गारंटी चाहिए। यूक्रेन शांति चाहता है, जो बिना सुरक्षा गारंटी संभव नहीं है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन शांति चाहता है, लेकिन बिना सुरक्षा गारंटी के 'न्यायसंगत और स्थायी शांति' संभव नहीं है। जेलेंस्की का यह बयान रूस के साथ चल रहे युद्ध में संघर्ष विराम को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ शुक्रवार को तीखी बहस के बाद आया है। जेलेंस्की ने एक्स पर एक पोस्ट में रूस के खिलाफ युद्ध में अमेरिका के समर्थन के लिए आभार जताया, लेकिन साथ ही अपने पक्ष में 'मजबूत अमेरिकी स्थिति' का भी आग्रह किया। उन्होंने रूस को 'दुश्मन' बताते हुए आशंका जताई कि वह फिर से संघर्ष विराम का उल्लंघन कर सकता है, जैसा कि रूस ने पिछले 10 वर्षों में 25 बार किया। जेलेंस्की ने कहा, 'हम समर्थन के लिए अमेरिका के बहुत आभारी हैं। मैं राष्ट्रपति ट्रंप, कांग्रेस और अमेरिकी लोगों के द्विदलीय समर्थन के लिए उनका आभारी हूं। यूक्रेन के लोगों ने हमेशा इस समर्थन की सराहना की है, खासकर आक्रमण के इन तीन वर्षों में। अमेरिका का समर्थन हमें जीवित रहने में मदद करने में महत्वपूर्ण रही है, और मैं इसे स्वीकार करता हूं। कठिन बातचीत के बावजूद, हम रणनीतिक साझेदार बने हुए हैं।

**ट्रंप के साथ बहस के बाद जेलेंस्की**

## हिमस्खलन में फंसे 50 मजदूर निकाले, चार की मौत



**उत्तराखंड।**


सीएम ने कहा कि पांच कंटेनरों को ट्रेस कर श्रमिकों को सुरक्षित निकालने में राहत और बचाव दलों को सफलता मिली है। अत्यधिक बर्फ होने के कारण तीन कंटेनर ट्रेस नहीं हो पा रहे हैं। आर्मी, आईटीबीपी द्वारा इन कंटेनरों का पता लगाने के लिए युद्धस्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। उत्तराखंड में माणा के पास भारी हिमस्खलन की चपेट में आए 17 अन्य श्रमिकों का शनिवार सुबह रेस्क्यू कर लिया गया है। उन्हें सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। अब तक कुल 50 श्रमिकों का रेस्क्यू किया जा चुका है। इनमें से चार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सेना, आईटीबीपी, एनडीआरएफ, एसडीआर और वायु सेना के बचाव दल पांच अन्य श्रमिकों की तलाश में युद्ध स्तर पर अभियान छेड़े हुए हैं। सेना के मुताबिक तीन कंटेनरों का पता नहीं चल रहा है, वे भारी बर्फ के नीचे दबे हैं। उनकी खोज के लिए दिल्ली से जीपीआर रडार मंगाया गया है। बचाव अभियान की मॉनीटरिंग कर रहे सीएम पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सुबह हवाई सर्वेक्षण किया और ज्योतिर्मठ में राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा की। इसके बाद सीधे यूएसडीएमए के आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचे मुख्यमंत्री ने शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बचाव अभियान को लेकर चर्चा की। वह मीडिया से मुखातिब हुए।

# अमेरिका-मैक्सिको सीमा पर तैनात होंगे 3000 और सैनिक

**नई दिल्ली।**

अमेरिकी अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि अमेरिका-मैक्सिको सीमा पर करीब 3,000 और सैनिकों को भेजा जा रहा है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने अवैध आव्रजन पर लगाम लगाने और अपने चुनावी अभियान के मुख्य वादे को पूरा करने के लिए यह कदम उठाया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका-मैक्सिको सीमा पर करीब 3,000 और सैनिक भेज रहे हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने शनिवार को इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप ने यह कदम अवैध आव्रजन पर लगाम लगाने और अपने चुनावी अभियान के मुख्य वादे को पूरा करने के लिए उठाया है। पेंटागन ने घोषणा की है कि रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने इस मिशन के लिए स्ट्राइकर ब्रिगेड लड़ाकू दल और एक सामान्य सहायता विमानन बटालियन के कुछ हिस्सों को आदेश दिया है। आने वाले हफ्तों में ये सैनिक लगभग 2,000 मील की सीमा पर पहुंच जाएंगे। बता दें कि स्ट्राइकर मध्यम-बख्तरबंद पहिएदार कार्मिक वाहक हैं। हालांकि, रक्षा विभाग ने तैनाती की संख्या का आधिकारिक रूप से जिक्र नहीं किया, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि यह संख्या लगभग 3,000 है। उन्होंने नाम न छापने की शर्त पर सैनिकों की संख्या के बारे में जानकारी दी। बता दें कि पहले से ही लगभग 9,200 अमेरिकी सैनिक दक्षिणी सीमा पर तैनात हैं, जिनमें से 4,200 संघीय आदेशों के तहत हैं और लगभग 5,000 नेशनल गार्ड सैनिक राज्यपालों के नियंत्रण में हैं। पेंटागन ने कहा कि नए सैनिक 'सीमा को सील करने और अमेरिका की क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने के लिए मौजूदा सीमा सुरक्षा अभियानों को मजबूत और विस्तारित करेंगे।'



## संपादक की कलम से

### खाद का संकट



ललित शर्मा
संपादक

देश के कई राज्यों में रासायनिक खादों की मांग में अप्रत्याशित वृद्धि ने नीति-नियंताओं को चौंकाया है। विशेषकर हरियाणा में यूरिया और डाई-अमोनियम फॉस्फेट यानी डीएपी की खपत में तीव्र वृद्धि ने उर्वरक मंत्रालय की चिंताएं बढ़ा दी हैं। यह तथ्य चौंकाने वाला है कि इस रबी के सीजन में हरियाणा में यूरिया खाद का उपयोग अट्ठारह फीसदी तक बढ़ गया है। जबकि कुछ जिलों में डीएपी की खपत में 184 फीसदी का उछाल देखा गया है। दरअसल, रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग और सब्सिडी वाले उर्वरकों की जरूरत से ज्यादा खपत, असामान्य स्थिति का संकेत दे रही है। जिसके चलते अधिकारियों को शंका है कि सब्सिडी वाले नीम कोटेड यूरिया को बड़ी मात्रा में खरीदकर प्लाइवुड, राल व खनन विस्फोटक जैसे उद्योगों के लिये ले जाया जा रहा है। जिनके लिये तकनीकी-ग्रेड वाला यूरिया खासा महंगा पड़ता है। आशंका जतायी जा रही है कि इन व्यवसाय में लगे कुछ लोग इस मूल्य अंतर का लाभ उठाकर बड़े पैमाने पर सब्सिडी वाली खाद की हेराफेरी कर रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार ये असामाजिक तत्व करीब दस लाख टन यूरिया का दुरुपयोग कर रहे हैं, जिसकी कीमत छह हजार करोड़ रुपये बतायी जा रही है। इसकी पड़ताल के लिये केंद्र सरकार ने राज्य के अधिकारियों के साथ संयुक्त अभियान आरंभ किया है। साथ ही दोषी लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इतना ही नहीं, केंद्रीय उर्वरक विभाग आपूर्ति श्रृंखलाओं की निगरानी और रासायनिक खादों के रिसाव पर अंकुश लगाने के लिये विभिन्न मंत्रालयों के साथ समन्वय कर रहा है। कोशिश है कि किसानों को सब्सिडी पर मिलने वाली खाद के दुरुपयोग पर अंकुश लगाया जा सके। आशंका जतायी जा रही है ऐसी कोशिश पर यदि समय पर अंकुश नहीं लगाया गया तो कालांतर किसानों के लिये खाद की आपूर्ति बाधित हो सकती है। जिसके सामाजिक व राजनीतिक निहितार्थों को समझते हुए केंद्र सरकार के संबंधित विभाग सतर्क प्रतिक्रिया दे रहे हैं। यह तथ्य निर्विवाद है कि खेती में अत्यधिक उर्वरकों का उपयोग एक जटिल समस्या बनता जा रहा है। दरअसल, आम किसानों को ठोस जानकारी नहीं मिल पाती कि इसका कितना उपयोग अधिक फसल लेने व भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिये काफी है। आम किसान पैदावार बढ़ाने के लिये बड़ी मात्रा में यूरिया का उपयोग करते हैं। खासकर नई उच्च नाइट्रोजन वाली गेहूं की किस्मों के लिये। वहीं एनपीके यानी सोडियम, फॉस्फोरस व पोटेशियम उर्वरक की खपत में वृद्धि ने यूरिया पर निर्भरता को और अधिक बढ़ा दिया है। जिससे मिट्टी का क्षरण, कीट जोखिम बढ़ने के साथ ही भूजल प्रदूषण में तेजी से वृद्धि हो रही है।

# दिल्ली को विश्वस्तरीय अत्याधुनिक राजधानी बनाने का उचित अवसर

देश का दिल दिल्ली की पहचान दुनिया भर में भारत की राजधानी के रूप में होती है, जो एक केंद्र शासित प्रदेश के रूप में चलती है, जहां पर कुछ शक्तियां राज्य सरकार व कुछ शक्तियां केंद्र की सरकार के पास होती है। केंद्र व राज्य दोनों के बेहतर सामंजस्य से ही दिल्ली का शासन बेहतर ढंग से चल सकता है। देश की राजधानी होने के चलते दिल्ली में ही भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य व अन्य न्यायाधीश, सेनाध्यक्ष, केंद्रीय कैबिनेट, दिल्ली के उप राज्यपाल, मुख्यमंत्री आदि बहुत सारे देश के महत्वपूर्ण पदों पर आसीन लोग रहते हैं, राजधानी होने के चलते दिल्ली में राजकीय व अधिकांश केंद्रीय कार्यालय भी है। रोजी-रोटी, शिक्षा चिकित्सा व देश की सबसे ताकतवर सत्ता का मुख्य केंद्र बिंदु होने के चलते ही देश की आजादी के बाद से ही दिल्ली की जनसंख्या में तेजी से वृद्धि हुई थी। दिल्?ली में तेजी से बढ़ती आबादी की समस्?याओं के समाधान करने के उद्देश्य के लिए वर्ष 1962 में बने दिल्ली के पहले ही मास्टर प्लान में यह सिफारिश की गई थी कि दिल्ली के साथ-साथ इसके आसपास के राज्यों के शहरों को भी एक उप महानगरीय क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाए। जिस परिकल्पना को धरातल पर मूर्त रूप देने के लिए वर्ष 1985 में नेशनल केपिटल रिजन प्लानिंग बोर्ड की शुरूआत की गई थी। जिससे इस पूरे क्षेत्र में व्यवस्थित विकास के लिए कार्य योजना बना करके उसका धरातल पर कार्यान्?वयन किया जा सकें और एनसीआर क्षेत्र में शामिल किसी भी क्षेत्र का विकास अव्?यवस्थित ढंग से होने से रोका जा सकें।

दिल्ली को बेहतर बनाने के लिए ही वर्ष 1985 में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान के कुछ जनपदों को मिलाकर के दिल्ली को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तो घोषित कर दिया गया था, लेकिन चार राज्यों व केंद्र की सरकारों के बीच का मामला होने के चलते उस वक्त की गयी पूरी प्लानिंग आज तक भी धरातल पर पूरी तरह से परवान नहीं चढ़ पाई है। जिसका बड़ा खामियाजा दिल्ली व एनसीआर की जनता लगातार भुगत रही है। सिस्टम को सर्वोच्च न्यायालय की बार-बार फटकार लगने के बावजूद भी दिल्ली व एनसीआर के निवासी स्वच्छ पेयजल व स्वच्छ सांसों तक के लिए तरस गये है। आज खराब पानी व प्रदूषित वायु के चलते दिल्ली एनसीआर क्षेत्र के बड़ी संख्या में पेट, लीवर व फेफड़ों से संबंधित रोगी आसानी से मिल जाते हैं।

हालांकि हम भारतवासियों की यह खूबी है कि हम विपरीत से विपरीत स्थिति में भी उम्मीद की लो जलाकर रखते हैं। जिसके चलते ही आज भी दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा व राजस्थान के एनसीआर क्षेत्र के निवासियों का सपना है कि उनको भी एक दिन दिल्ली की तरह ही उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, बेहतरीन चिकित्सा, विश्वस्तरीय अत्याधुनिक सुविधाएं, रोजी-रोटी, व्यापार करने का अवसर मिलेंगे, जिस उद्देश्य को पूरा करने के लिए केंद्र शासित दिल्ली राज्य में कभी एनसीआर के क्षेत्र को जोड़ा गया था, लेकिन अफसोस वह आज तक भी अपने लक्ष्य को पूरा नहीं कर पाया। जिसके चलते ही अब एनसीआर क्षेत्र के एक बहुत बड़े वर्ग का मानना है कि देश का दिल दिल्ली राज्य अपनी सीमाओं का विस्तार करते हुए भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए कार्य करें। लेकिन देश में आये दिन क्षणिक स्वार्थों से पूर्ण राजनीति होने के चलते कभी भी देशहित की इस दूरगामी रणनीति पर किसी भी राजनीतिक दल ने कोई विशेष रणनीति बनाकर कार्य नहीं किया है।



लेकिन जब से दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है, तब से बहुत सारे लोगों के मन में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की जगह अब बृहद दिल्ली राज्य के निर्माण विचार आने लगा है। क्योंकि फिलहाल केंद्र सरकार के साथ-साथ दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा व राजस्थान में एक ही दल भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार है और सबसे बड़ी बात यह है कि उस राजनीतिक दल के सर्वेसर्वा नरेन्द्र मोदी के पास राजनीति से ऊपर उठकर के देश के नव निर्माण करते हुए, भारत को विश्वगुरु बनाने का जज्बा मौजूद है। लोगों को लगता है कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बृहद दिल्ली या राष्?ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) अंतरराज्?यीय क्षेत्रीय योजना और अत्याधुनिक विकास का एक अद्वितीय उदाहरण बन सकता है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के कुछ जनपदों को मिलाकर बनने वाले लगभग 55,083 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल का विश्वस्तरीय विकास हो सकता है।

यहां आपको बता दें कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के कई महत्वपूर्ण शहर भी शामिल हैं। एनसीआर के क्षेत्र का आज भी दिल्ली से कई सौ किलोमीटर तक विस्तार है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, 1985 के नियोजन बोर्ड के कानून के अनुसार, इस अधिसूचित क्षेत्र में दिल्?ली का 1,483 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्रफल आता है। वहीं उत्तर प्रदेश के मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलन्दशहर, हापुड, बागपत, शामली और मुजफ्फरनगर जनपद का 14,826 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल आता है। वहीं हरियाणा के फरीदाबाद, गुरुग्राम, नूँह, रोहतक, सोनीपत, रिवाडी, झज्?जर, पानीपत, पलवल, भिवानी, चरखी दादरी, महेन्?द्रगढ, जींद और करनाल का 25,327 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल आता है। राजस्?थान के अलवर और भरतपुर का 13,447 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल आता है। जिस क्षेत्र को कुछ कम करते हुए भी बृहद दिल्ली राज्य का निर्माण अब इन राज्यों की सहमति से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व आसानी से किया जा सकता है।

वैसे भी देखा जाये तो उस वक्त देश के नीति-निमार्ताओं का एनसीआर क्षेत्र बनाने के पीछे मकसद था कि दिल्ली के स्थाई निवासियों के साथ-साथ दिल्ली में आजीविका की तलाश में आ रहे देश के अन्य राज्यों के लोगों को रोजी-रोटी, घर, पानी, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा, बेहतर कनेक्टिविटी के साथ सार्वजनिक परिवहन जैसी बुनियादों सुविधाओं की कमी का सामना ना करना पड़े। जिसके चलते ही एनसीआर में शामिल होने वाले अन्य राज्यों के कुछ जिलों का विकास राज्य के अन्?य जिलों के मुकाबले बहुत तेजी से हुआ। यहां पर लोगों को रोजी-रोटी, घर, बिजली, पानी के साथ-साथ बेहतर प्राथमिक व उच्च शिक्षा, चिकित्सा सुविधा, आधुनिक बस, मेट्रो व रेपिड रेल जैसी विश्वस्तरीय कनेक्टिविटी की सुविधाएं मिलने से लोगो के रहन-सहन व जीवन स्तर में काफी सुधार हुआ है। लेकिन एनसीआर के गठन के समय के बहुत सारे उद्देश्य अब भी बाकी है, समय-समय पर राज्यों की आपसी खींचतान के चलते इस पूरे क्षेत्र में काम करने की बहुत गुंजाइश बाकी है। वैसे भी यह पूरा क्षेत्र ऐसा है कि अगर इस क्षेत्र में विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो, कानून व्यवस्था बेहतर हो, कल-कारखाने लगें हो, क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रित हो, नदियां स्वच्छ हो, भूजल रिचार्ज करने का कार्य हो, हरित पट्टी व वन्य क्षेत्र विकसित हो, भूकंप रोधी अत्याधुनिक भवनों व इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो, विश्वस्तरीय सार्वजनिक परिवहन तंत्र जाल बिछा हुआ हो, शिक्षा, चिकित्सा, रोजी-रोटी की भरमार हो, पूरा क्षेत्र सामरिक दृष्टिकोण से हर वक्त तैयार हो, आर्थिक दृष्टिकोण से मजबूत हो, तो उसका जबरदस्त सकारात्मक प्रभाव पूरे देश की जीडीपी पर पड़ेगा, देश सामरिक रूप से मजबूत होगा। इसलिए बृहद दिल्ली का निर्माण या एनसीआर के पूरे क्षेत्र का नव निर्माण करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास यह शानदार अवसर है।

– दीपक कुमार त्यागी

## उदय किशोर साह

### बेवफा कैसा व्ययहार किया

कविता



ख्वाबों में आई आ प्यार जतलाई
तेरी आरजू मैंने स्वीकार था किया
नींदिया जब रूठी निकली तूँ झूठी
बेवफाई का क्यूँ व्ययहार क्रिया

हो रही जग हँसाई प्यार में रूसवाई
प्यार में क्यूँ हम से तूँ तकरार किया
तेरी इल्तजा सर आँखों पे था
फिर क्यूं प्यार से झन्कार। किया

किस खता की ये सजा तुँने दिलवाई
तेरी मोहब्बत का था एतवार किया
वादा थी कराई कसमें थी खिलवाई
फिर भी हमें जग में शर्मसार किया

प्यार को दौलत की तराजू पे ना तौलो
सच्चा मैंने था तुमसे प्यार। किया
हर जनम में तुमसे लगन करने . का
कोरे कागज पे था मैं इकरार किया

अय दिल वालों प्यार ना तुम करना
ये बेवफई का संसार है आज हुआ
ना गम करना मोहब्बत ना है मरना
बेवफाई का तोहफा हर बार हुआ

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

### फिराक गोरखपुरी पुण्यतिथि - 3 मार्च, 2025


# भारतीयता की तहजीब को आवाज देने वाले फनकार



ललित गर्ग

रूमानियत, समाज एवं संस्कृति में रची बसी जिनकी शायरी हर उम्र के लोगों के जीवन का हिस्सा है, ऐसे महान् ह्यशायर-ए-जमालह्न-सौन्दर्य का कवि कहलाने वाले फिराक गोरखपुरी उर्दू शायरी का देश एवं दुनिया का एक फनकार हैं जिसका रचना-संसार जीते-जी ही नहीं, मरकर भी गूंज रहा है। गोरखपुर को जिन वजहों से दुनिया भर में पहचान मिली, फिराक गोरखपुरी को हमें उनमें आगे की पंक्ति में रखना ही होगा। नाम के आगे गोरखपुरी लगाकर उन्होंने उर्दू अदब की दुनिया में गोरखपुर को जो ऊंचाई दी, गोरखपुर ही नहीं बल्कि समूचे पूर्वांचल के लोग इसके लिए गौरव का अनुभव करते हैं। शायरी कहने के अपने अलमस्त और बेलौस अंदाज को लेकर वह शायरों में ही नहीं, आमजन के बीच भी हमेशा चर्चा का विषय रहे। गंगा-जमुना के संगम एवं सांझी संस्कृति वाले शहर इलाहाबाद के फिराक की तमाम शायरी कुछ ऐसी है जो सही मायने में गंगा-जमुनी तहजीब की शायरी है। और भी कुछ शायर गंगा-जमुनी के तहजीब के माने-कहे जाते हैं लेकिन फिराक के लिए इसका मायने बहुत गहरे एवं हिन्दुस्तान की अस्मिता से जुड़ा था। वे जो लिख रहे थे, असल में हजारों साल की तहजीब को आवाज दे रहे थे, विविधता और विस्तार में एकता की गहरी जड़ें तलाश रहे थे।

रघुपति सहाय से फिराक गोरखपुरी बने, वे भारत के एक प्रसिद्ध उर्दू शायर, कवि, लेखक और आलोचक थे। उनकी साहित्यिक प्रतिभा कविता, गजल, नज्म और निबंध सहित विभिन्न शैलियों में फैली हुई है। प्रगतिशील लेखक आंदोलन के एक प्रमुख व्यक्तित्व, गोरखपुरी की रचनाओं में मानवीय भावनाओं, सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक मुद्दों की गहरी समझ झलकती है। उनकी काव्यात्मक अभिव्यक्ति ने शास्त्रीय लालित्य को आधुनिक संवेदनाओं के साथ जोड़ा, जिन्होंने शायरी को लोक बोलियों से जोड़कर उसमें नई लोच, नई रंगत, नई ऊर्जा एवं नये मानक उत्पन्न किये। उन्हें फारसी, हिन्दी, ब्रजभाषा और भारतीय संस्कृति की गहरी समझ थी, इन्हीं कारणों से उनकी शायरी में भारत की विविधताओं युक्त सांझी रची-बसी हुई है। वे जन-कवि और सौन्दर्य के परम उपासक के रूप में असंख्य लोगों के दिल और दिमाग में रचे-बसे हैं। वैसे भी फिराक के दौर को देखा जाए तो उस वक्त हर तरफ कद्दावर लोग थे। महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला और सुमित्रानंदन पंत के अलावा पंडित जवाहर लाल नेहरू, महादेवी वर्मा, अमरनाथ झा, हरिवंशराय बच्चन समेत और भी कई बड़े कलमकार उसी इलाहाबाद में थे। इलाहाबाद के बाहर की दुनिया की बात करें तो महात्मा गांधी के उस दौर में कई बड़े दार्शनिक, कवि और शायर राष्ट्रीय फलक पर सितारे की तरह चमक रहे थे। उस कहकशां में भी फिराक की चमक कहीं कम नहीं पड़ती है।



फिराक को शायरी की प्रेरणा पिता मुंशी गोरख प्रसाद से भी मिली। बचपन के चमकते-दमकते वैभव के बावजूद उनकी नजरें हमेशा जमीन की ओर देखती रही। उनकी जिन्दगी और रचनाओं का सफर न केवल रोचक रहा, बल्कि प्रेरणा का स्रोत भी रहा। वे साहिर, इकबाल, फैज, तथा कैफी आजमी से अत्यधिक प्रभावित हुए। रामकृष्ण परमहंस की कहानियों से आरंभ करने के बाद उन्होंने अरबी, फारसी और अंग्रेजी में शिक्षा ग्रहण की। सन्-1917 में डिप्टी कलेक्टर के पद के लिए चुने गए परंतु महात्मा गांधी के स्वराज्य आंदोलन में भाग लेने के लिए उन्होंने 1918 में पद से त्यागपत्र दे दिया। 1920 में स्वाधीनता आंदोलन में भाग लेने के कारण उनको डेढ़ वर्ष की जेल की यात्रा सहन करनी पड़ी। वे इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अंग्रेजी के प्राध्यापक भी रहे। उनका कहना था कि उर्दू केवल मुसलमानों की भाषा नहीं है बल्कि आम भारतवासियों की भाषा है। पंडित जवाहरलाल नेहरू उनकी इस सोच से अत्यधिक प्रभावित हुए, नेहरू ने फिराक को जेल से छूटने के बाद अखिल भारतीय कांग्रेस के कार्यालय में अन्डर सेक्रेटरी बना दिया। इंदिरा गांधी भी उनको बहुत सम्मान देती थी और उनको राज्यसभा में भेजना चाहती थी। लेकिन उन्होंने राज्यसभा जाने से इंकार कर दिया।

फिराक अपनी हाजिर जवाबी की वजह से फिराक काफी मशहूर थे। उनका बातचीत का लहजा इतना चुटीला होता था कि एक बार कोई उनके पास बैठ जाए तो उठता नहीं था। वह जो भी बोलते थे, बेधड़क बोलते थे और अंदाज ऐसा कि महफिल ठहाकों में भर उठती थी। वे जिन्दादिल इंसान थे तो चित्रता में मित्रता के प्रतीक थे। स्वभाव में एक औलियापन है, फक्कड़पन है और अलमस्त अंदाज है। किसी को उनका व्यक्तित्व भाया तो किसी को वह बिल्कुल पसंद नहीं आए लेकिन उनके शेरों की कद्र हर किसी ने पूरी तबीयत से की। उनका लोहा तब भी जग ने माना और आज भी मान रहा है। वे सदियों तक इसी तरह अपनी शायरी के कारण जीवंत बने रहेंगे।

फिराक की जिंदगी का ज्यादातर हिस्सा इलहाबाद बीता। और यहीं से वे शोहरत की बुलंदियों पर पहुंचे। इलाहाबाद में फिराक, महादेवी वर्मा और निराला को मिलाकर उस दौर के साहित्य की दुनिया की त्रिवेणी बनती थी। उनकी अनौपचारिक संगोष्ठियों में अंग्रेजी के विद्वानों के साथ-साथ तुलसी, कालिदास और मीर के पाठ भी समानांतर चलते थे। उनके आवास लक्ष्मी निवास पर साहित्यकारों की खूब महफिल सजती थी। महफिल सजाने वालों में कथा सम्राट मुंशी प्रेमचन्द भी शामिल थे। फिराक भरी-पूरी संभावनाओं का नाम रहा है, जहां साहित्य की अनेक सरिताएं प्रवहमान रही हैं। फिराक तबीयत से भले ही हर किसी को बागी नजर आए लेकिन उनकी शायरी सहज थी। उनके शेरों में संवेदनाएं, नेकदिली और जिंदादिली का अहसास कोई भी कर सकता है। उर्दू गजल के पारंपरिक अंदाज में बिना किसी छेड़छाड़ के नए लहजे की शायरी की जो अद्भुत मिसाल उन्होंने पेश की, उससे शायरी के कद्रदानों के अलावा मशहूर शायर भी उनके कायल हो गए।

निदा फाजली जैसे शायर ने तो शायरी की दुनिया में गालिब और मीर के बाद फिराक को तीसरे पायदान पर रखा है। सूर्यकांत त्रिपाठी निराला और महादेवी वर्मा जैसे साहित्यकारों के सान्निध्य में उन्होंने अपनी शायरी को ऊंचाई दी। पद्मश्री अली सरदार जाफरी ने फिराक को उर्दू शायरी की नई आवाज करार दिया। जोश मलीहाबादी ने कहा कि फिराक उर्दू के उस्ताद शायरों में एक बड़े नामवर गोशे के मालिक हैं। साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष प्रो. विश्वनाथ तिवारी ने फक्कड़, मूडी, गुस्सैल आदि अनेक परिचय के धनी फिराक को शायरी के दुनिया का बेताज बादशाह कहा है। यही कारण है कि मिर्जा गालिब और अमीर खुसरो की तरह ही फिराक गोरखपुरी के जीवन पर भी कई फिल्में बन चुकी हैं। एक फिर फिल्म गवर्नमेंट आफ इंडिया के फिल्म डिविजन ने भी बनाई है।

फिराक के जीवन पर कई किताबें भी लिखी गईं हैं। उनकी स्वयं की अनेक पुस्तक हैं, जिनमें प्रमुख हैं- गुल-ए-नगमा, बज्म-ए-जिंदगी, रंगे शायरी, मशअल, रूह-ए-कायनात, नग्मा-ए-साज, गजलिस्तान, शेरिस्तान, शबनमिस्तान, रूप, धरती की करवट, गुलबाग, रम्ज व कायनात, चिरागा, शोअला व साज, हजार दास्तान, हिंडोला, जुगनू, नकूश, आधी रात, परछाइया और तराना-ए-इश्क, सत्यम शिवम सुंदरम। इसके अलावा फिराक ने एक उपन्यास ह्यसाधु और कुटियाह्न तथा कई कहानियां भी लिखीं हैं। वे अनेक पुरस्कारों से सम्मानित हुए हैं- 1960 में साहित्य अकादमी अवार्ड, 1968 में साहित्य व शिक्षा के क्षेत्र में पद्मभूषण सम्मान, 1969 में गुल-ए-नगमा के लिए ज्ञानपीठ अवार्ड एवं 1969 में सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार। वे ऐसे लेखक एवं शायर हैं, जिनके जीवन की चादर पर सकारात्मकता, संवेदना एवं प्रेम के रंग बिखरे हुए है। फिराक दार्शनिक कवि-शायर हैं तो सनातन सत्य एवं जीवनमूल्यों को सहजता से उद्घाटित करने वाले जादूगर भी है। वे उर्दू नक्षत्र का ऐसा जगमगाता सितारा हैं, जिसकी रोशनी शायरी को सराबोर करती रहेगी, इस अलमस्त शायर की शायरी की गूंज हमारे दिल और दिमाग में हमेशा जिन्दा रहेगी। उनके पुण्यतिथि पर उन्हीं के शब्दों में कहें तो-

ऐ मौत आके खामोश कर गई तू,
सदियों दिलों के अन्दर हम गूंजते रहेंगे।

# हापुड़ ,गढ़मुक्तेश्वर और धौलाना तीनों तहसीलों में डीएम के नेतृत्व में संपूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** जनपद के धौलाना तहसील में जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा के नेतृत्व में आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उप जिलाधिकारी लवी त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान धौलाना तहसील दिवस में कुल 28 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 03 का मौके पर अधिकारियों द्वारा निस्तारण कराया गया। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित जनपदीय सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी को मिलना चाहिए।

उपजिलाधिकारी ने तहसील दिवस में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं उनका निस्तारण ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने तहसीलदार धौलाना को निर्देश दिए कि तहसील दिवस में भूमि, चक रोड पर कब्जा से संबंधित जो भी शिकायत प्राप्त हुई हैं उनमें स्वयं मौके पर जाकर जांच करें, जांच के उपरांत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शिकायत के निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता को भी अवगत कराया जाये इसी के साथ उप जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में उपस्थित अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए की तहसील दिवस में जो भी शिकायत प्राप्त हो रही हैं उनका आगामी तहसील दिवस से पूर्व निस्तारण करना सुनिश्चित करें जिससे उन समस्याओं को बार-बार न दोहराया जाए ।

इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुनील त्यागी, तहसीलदार धौलाना, पुलिस क्षेत्र अधिकारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे इसके साथ ही गढ़मुक्तेश्वर तहसील में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में तहसील दिवस सम्पन्न हुआ जहां पर 23 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 01 का निस्तारण मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कराया गया। इसी क्रम में हापुड़ तहसील की अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी श्री संदीप कुमार ने संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतो को सुना। सम्पन्न हुए हापुड़ तहसील दिवस में 17 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 04 का निस्तारण किया गया।

# पति पर मारपीट कर घायल करने का आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव कनियान निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया पीड़ित महिला ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद आरोपी पति के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव कनियान निवासी महिला सुषमा पत्नी देवेंद्र ने बताया कि शनिवार को पीड़िता अपने घर पर बैठी हुई थी आरोप है कि पति से मामूली कहासुनी हो गई इसके बाद आरोपी पति आग बबूला हो गया और पीड़िता को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शौर शराब होने पर पड़ोसी भी मौके पर आ गए आरोपी पति महिला को घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गया। पीड़ित महिला ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपी पति के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# कल्पित हॉस्पिटल में प्रारंभ हुआ नारी शक्ति माह

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** शहर के बरदहिया बाजार स्थित कल्पित हॉस्पिटल में आज से प्रारंभ हुआ महिला स्वास्थ्य को समर्पित नारी शक्ति माह ।राज्य महिला आयोग, उत्तर प्रदेश की उपाध्यक्ष श्रीमती चारू चौधरी द्वारा अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के अंतर्गत जनपद में महिलाओं से संबंधित स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने हेतु विशेषज्ञ महिला चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श प्रदान किया जाएगा ।इसके साथ ही आवश्यकता अनुसार यदि किसी महिला को किसी भी प्रकार की जांचों की आवश्यकता पड़ती है तो वह भी चिकित्सालय में कम से कम दरों में उपलब्ध करायी जाएगी ।

महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने अभियान का उदघाटन करते हुए कहा कि यह एक प्राइवेट चिकित्सालय द्वारा की गई ऐसी पहल सराहनीय है ।ऐसे प्रयासों से महिला सशक्तिकरण के अभियान को एक गई मिलेगी जिस से हम एक विकसित राष्ट्र होने का सपना जल्द से जल्द प्राप्त कर पाएंगे ।

इस अवसर पर चिकित्सालय की निदेशिका डॉ सोनी सिंह ने बताया कि कल्पित हॉस्पिटल विगत तीन वर्षों से इस प्रकार के अभियान चला रहा है । महिला स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है एवं इस पूरे माह चलने वाले अभियान में हमारे विशेषज्ञ चिकित्सक जिनमे स्त्री रोग विभाग में डॉ हिमानी यादव, डॉ पूजा तिवारी व डॉ सुजाता एवं शिशु व बाल रोग विभाग के चिकित्सक डॉ सुमित एवं डॉ अभिनव द्वारा निःशुल्क परामर्श प्रदान किया जाएगा ।एक महिला , एक परिवार का केंद्र होती है , लेकिन पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए वह कई बार अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह हो जाती हैं ।

स्त्री प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ हिमानी यादव ने बताया की गर्भावस्था में किस प्रकार एक महिला को विशेष देखभाल की जरूरत होती है व इस दौरान कम से कम चार अल्ट्रासाउंड अत्यंत आवश्यक होते हैं ।डॉ पूजा तिवारी ने बताया कि महिलायें अक्सर विटामिन डी व कैल्शियम की कमी से जूझती रहती हैं , जिसकी वजह से उनको कमर में दर्द की समस्या रहती हैं ।इसका पूर्ण रूप से निदान संभव है । डॉ सुजाता ने बताया कि रजोनिवृत्ति के बाद अक्सर महिलायें उच्च रक्तचाप, कमजोर हड्डियों और अवसाद का शिकार हो जाती हैं ।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनी जनता की समस्याएं



**संतकबीरनगर।** शनिवार को जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर संयुक्त रुप से तहसील धनघटा पर पहुंचकर पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां पर फरियादियों से उनकी समस्याओं को मौके पर सुना गया तथा वहां मौजूद सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए, राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी । तत्पश्चात वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध मे फीडबैक भी लिया गया। इस अवसर पर राजस्व व पुलिस के अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

# बरसात से सड़कों पर जल भराव,फसल बर्बाद

वेलकम इंडिया



**कांधला।** दो दिन से नगर एवं क्षेत्र में रुक-रुक कर हो रही बरसात के कारण कई जगह जल भराव की समस्या उत्पन्न हो गई और गेहूं की फसल को भी भारी नुकसान हुआ है किसानों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मुआवजे की मांग की है। नगर एवं क्षेत्र में अचानक से मौसम बदलने के कारण गत दिवस गुरुवार एवं शुक्रवार को रुक-रुक कर बरसात हुई, शनिवार की रात्रि भी बरसात का सिलसिला जारी रहा। दो दिन तक हो रही रुक-रुक कर बरसात के कारण सड़कों पर जल भराव की समस्या हो गई और कई जगहों पर सड़कों पर कीचड़ भी फैला रहा। जल भराव एवं कीचड़ से गुजरने वाले राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। गत रात्रि तेज बरसात हो जाने के कारण कई स्थानों पर दर्जनों किसानों की सैकड़ो बीघा गेहूं की फसल गिर जाने के कारण खराब हो गई। किसानों ने प्रदेश सरकार को पत्र भेज कर मुआवजे की मांग की है।

# यातायात जाम की समस्या से त्रस्त व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के बैनर तले की बैठक

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में लंबे समय से कैंट रोड बर्लिंगटन चौराहे से ओडियन सिनेमा चौराहे एवम् शुभम सिनेमा तक दिनभर यातायात जाम की समस्या से जूझ रहे, त्रस्त व्यापारियों ने ओडियन सिनेमा प्रांगण पर शुक्रवार देर शाम बैठक की बैठक में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता एवं लखनऊ नगर के महामंत्री संजय त्रिवेदी मौजूद रहे

कैन्ट रोड के व्यापारियों ने प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता को दिनभर यातायात जाम की समस्या के कारण चौपट हो रहे व्यापार की अपनी पीड़ा बताई, कैन्ट रोड के व्यापारियों ने प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता को जानकारी देते हुए बताया दिन भर रोडवेज की बसों के आवागमन के कारण यातायात अवरुद्ध रहता है।

जिससे व्यापारियों को भारी असुविधा हो रही है तथा अक्सर लोग चोटिल भी होते हैं तथा कुछ माहपूर्व शुभम सिनेमा के निकट दुर्घटना में एक मृत्यु भी हो चुकी है। कैन्ट रोड के व्यापारियों ने प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता से जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए संबंधित अधिकारियों से मिलकर रोडवेज की बसों का रुट बदलवाने की मांग की तथा अधिकारियों से मिलकर ओडियन सिनेमा चौराहे पर एवं शुभम सिनेमा के निकट स्थाई रूप से यातायात पुलिसकर्मियों की तैनाती की मांग किए जाने की बात कही व्यापारियों ने प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता से कहा इस रोड पर इमा थॉमसन स्कूल, सेंट फ्रांसिस जेवियर स्कूल ,लालबाग किड्स स्कूल भी है जिसके कारण बच्चों को और उनके अभिभावकों को भी भारी असुविधा होती है।

प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बाजार का दौरा कर समस्या का संज्ञान लिया तथा व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा शीघ्र ही संगठन का प्रतिनिधिमंडल डीसीपी यातायात एवं अन्य संबंधित अधिकारियों से मिलकर समस्या का समाधान कराएगा। बैठक में संगठन के नगर महामंत्री संजय त्रिवेदी, मनीष अवस्थी, विजय साहू, श्याम लाल गुप्ता, अमित वैश्य, मोहम्मद अजहर, मोहम्मद नसीम, महेश जात्यानी, अनिल साहू, अरविंद कुमार, मोहम्मद शमीम, सैफ अली, रेहान अली , आकाश, विनय मिश्रा, महेश, अजय कनौजिया, अरविंद कुमार मोहम्मद साजिद शुभम जैसवाल, सलीम आजाद, धर्मेन्द्र सविता, मोहम्मद तौसीफ, शहरोज रसूल, माजिन रसूल, मुहम्मद अकरम, धीरेन्द्र दीक्षित ,तौफिक, आदिल एहतेशाम सहित बड़ी संख्या में कैन्ट रोड के व्यापारी मौजूद रहे।

# किशोरी को भगाकर ले जाने वाले आरोपी को भेजा जेल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव से पंद्रह दिन पूर्व किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने गत 14 फरवरी को थाने पर तहरीर देकर बताया था कि गांव का ही युवक अमन उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ भाग कर ले गया और उसकी पुत्री घर में रखी लाखों रुपए की नगदी व जेवरात भी अपने साथ ले गई। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर अभियोग दर्ज करते हुए आरोपी युवक सहित उसकी मां व बहन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर किशोरी ? सहित आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। शनिवार को पुलिस ने आरोपी युवक अमन को गिरफ्तार कर लिया और किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को जेल भेज दिया और पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई हैं।

# बैंक कर्मचारियों ने जताया विरोध

**जहाँगीराबाद।** नगर स्थित केनरा बैंक के कर्मचारियों ने शुक्रवार को यूनाइटेड फॉर्म ऑफ बैंक यूनियन के आह्वान पर बैज लगाकर सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। यूनाइटेड फॉर्म ऑफ बैंक यूनियन ने बैंकों में पर्याप्त भर्ती, नौकरियों का निजीकरण रोकने और बैंकों में पांच दिन काम करने का समर्थन किया। इस सांकेतिक प्रदर्शन के दौरान बैंक कर्मचारियो ने कहा कि सरकार के तानाशाही भरे फैसलों के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया है। सरकार के इन दमनकारी फैसलों के खत्म होने तक इस प्रकार विरोध जारी रहेगा।

# नरेश वत्स ने महाकुंभ में पितरों की शांति के लिए प्रार्थना की, सफाई कर्मियों को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया



**धामपुर।** नरेश वत्स ने अपने जीवन साथी दीपा वत्स के साथ महाकुंभ में पवित्र स्नान कर अपने सभी पितरों की आत्मा की शांति एवं कुंभ में भगदड़ के दौरान दुर्घटना मे मृत श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

एल आई सी अधिकारी नरेश वत्स ने महाकुंभ के दौरान दिन रात मेहनत कर सफाई व्यवस्था में लगे हुए सफाई कर्मचारियों का अभिनंदन करते हुए उन्हें सम्मानित किया। त्रिवेणी संगम में स्नान कर लौटे नरेश वत्स का कहना है कि हम सभी देशवासियों के लिए स्वच्छ सुरक्षित पर्यावरण के अनुकूल बहुत ही अच्छी व्यवस्था महाकुंभ में की गई। उन्होंने शानदार व्यवस्था के लिए सभी सुरक्षा कर्मचारियों अधिकारियो शासन प्रशासन में लगे हुए सभी का अभिनंदन करते हुए आभार धन्यवाद व्यक्त किया।

साथ ही नरेश वत्स ने महाकुंभ को देश-विदेश तक पहुंचाने और सभी श्रद्धालुओं को महाकुंभ से प्रतिदिन अवगत कराने वाले मीडिया कर्मियों का भी अभिनंदन किया। देश की आधी आबादी से अधिक श्रद्धालुओं को महाकुंभ में स्नान करने एवं दिन रात सजग रहकर वहां की व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ? का कोटि-कोटि अभिनंदन किया।

# किसान की किस्मत पर गिरे ओले पकी फसल को कर दिया बर्बाद

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** नौहझील क्षेत्र में शनिवार सुबह तेज हवाओं के साथ बारिश , ओलावृष्टि से गेंहू, सरसों की फसल को भारी नुकसान हुआ है। नौहझील क्षेत्र में मनीगढ़ी, तिलकागढ़ी, भगवानगढी, नानकपुर, रायपुर, अनरदागढी, फरीदमपुर, मुसमुना, भैरई समेत तमाम गांवों में सुबह सुबह ओलों की वर्षा ने किसानों की फसल का सत्यानाश कर दिया। तेज हवा संग पड़े ओलों व वर्षा से गेहूं की फसल खेतों में बिछ गई, सरसों की फसल खराब हो गई। आलू की खुदाई का काम चल रहा है, आलू की फसल को भी नुकसान हुआ है। इससे आलू की क्वालिटी खराब होगी।

बेमौसम हुई बारिश व ओलावृष्टि से किसान खून के आंसू रोने को मजबूर हैं।

बुजुर्गों की कहावत है कि किसान का तो जीवन ही अनिश्चितताओ से भरा हुआ है। मेहनत के अलावा कुछ भी उसके नियंत्रण में नही है किसान को कभी ₹राज मार देता है तो कभी राम (प्रकृति)। रात रात भर जागकर आवारा पशुओं ,जंगली सूअरों से फसल बचा लेता है तो बेमौसम बारिश ओले किसानों की कमर तोड़ देते हैं। लोग कहते हैं कि भगवान ऊपर बैठा है तो - बो ऊपर से किसानों के खेतों पर ओले की जगह फूल क्यों नहीं बरसाता ! ग्रामीण इलाकों में रहने वाले करीब 70 प्रतिशत लोग किसी ना किसी तरह खेती से जुड़े हुए हैं, लेकिन दिनों दिन मुश्किल होती परिस्थितियों की वजह से युवाओं का खेती से मोहभंग होता जा रहा है ! ह्लखेती में कुछ बचता नहीं है, जितनी लागत लगा दो, किसान घाटे में ही जा रहा है। कोई फायदा नहीं होगा, तो कभी तक झेलेगा। यही कारण है कि किसान खेती करने की बजाय कोई भी छोटा मोटा धंधा करना चाहते हैं , हजारों, लाखों छोटे किसान खेती की बजाय ईंट भट्ठों पर मजदूरी कर रहे हैं , कोई बुग्गी चला कर परिवार का पेट भर रहा है और जो भी लोग खेती कर रहे हैं ये उनकी मजबूरी है ! बढ़ती लागत, बैंक के कर्ज, साहूकारों के दबाव और सरकारी उपेक्षा ने किसान को तोड़ के रख दिया है चुनाव के वक्त किसानों की कर्जमाफी और ढेर सारे लोक लुहावन वादे किए जाते हैं, लेकिन सत्ता में आने के बाद किसान बस एक वोट बैंक बनकर रह जाता है। विपक्ष भी सिर्फ वक्त आने पर बयानबाजी करता है और उसके बाद किसानों की दुर्दशा पर कोई बात नहीं करता।

# रसोइयों का दर्द आखिर क्यों नहीं समझ रही सरकार ?

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** दो हजार रुपये मानदेय में परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को भोजन परोसने वाली रसोइयों का दर्द कोई सुनने को तैयार नहीं इसके लिए चाहे पक्ष हो या विपक्ष दोनों ही तरफ के लोगों ने विधानसभा से लेकर विधान परिषद तक अपनी आवाज बुलंद की है लेकिन फिर भी सरकार द्वारा इन रसोइयों का दर्द नहीं समझा जा रहा है, जब परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन अवकाश होता है तब इन्हें मानदेय नहीं मिलता, विभागीय सूत्रों के अनुसार बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में काम करने वाली इन रसोइयों के लिए साल में केवल 10 माह का मानदेय ही मिलता है। और तो और वह भी समय से मिल जाए तो गनीमत है, क्या तीज, क्या त्यौहार इन रसोइयों को कभी भी समय से मानदेव नही मिलता, इसको लेकर तमाम रसोइयों का कहना है कि हम इस उम्मीद में अपना फर्ज निभा रहे हैं कि कभी न कभी उन पर भी सरकार की नजर पड़ेगी ही। हर माह सिर्फ दो हजार रुपये मानदेय मिलता है। एक भी अवकाश देय नहीं है। अगर हमारी कोई छुट्टी हो जाती है तो मानदेय कट जाता है। कई बार आंदोलन और धरना-प्रदर्शन भी किया गया मगर कोई फायदा नही हुआ। महंगाई के दौर में एक दिन का करीब 70 रुपए ही हमें प्राप्त होता है। विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन बनाने और उन्हें खिलाने की जिम्मेदारी हमारी है। विद्यालय खुलने से करीब आधा घंटा पहले पहुंचना होता है। करीब पांच से छह घंटे हमें हर रोज काम करना पड़ता है। रसोइयों का कहना है कि स्कूल से छूटने के बाद दूसरों के खेतों में मजूदरी करनी पड़ती है। तब जाकर घर का जैसे तैसे गुजर बसर हो पता है। हम स्कूली बच्चों को भोजन कराते हैं मगर कई बार ऐसा भी होता है जब हम अपने बच्चों को आधा पेट खाना ही दे पाते हैं।



- सरकार को मानदेय बढ़ाने के साथ आयुष्मान योजना का भी लाभ देना चाहिए, साल में दस महीने का ही मानदेय मिलता है, आंगनबाड़ी केंद्रो के लिए जो भोजन हम पकाते हैं उसका भुगतान की समय से नहीं होता। यह ठीक नहीं है। जिम्मेदारों को हमारी समस्या के बारे में सोंचना चाहिए। - **सर्वेश कुमारी**
- पूरे वर्ष मानदेय देने की व्यवस्था की जाए। दो हजार माह का मानदेय मिलता है। चार पांच माह होने पर दो से तीन माह का रुपया खाते में आता है। ऐसे में जीवन चलना मुश्किल हो गया है। -**कृष्णा देवी**
- समय से मानदेय मिले तब कुछ काम चले। चार-चार, पांच-पांच माह तक मानदेय न मिलने से दिक्कत आती है। जाड़े व गर्मी की छुट्टी की मिलाकर करीब दो माह का मानदेय भी काट दिया जाता है। - **विद्या देव**
- जो मानदेय मिल रहा है उससे घर चलाने में बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। मजबूरी में ही ये काम करना पड़ता है क्योंकि अगर ये काम छोड़ भी दें तो और कोई काम मिलता भी तो नही है। - **सोमवती मौर्य**

# माह ए रमजान शुरू होते ही बाजार हुए गुलजार



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** माह ए रमजान की आमद पर गांव गांव घर घर तैयारी जोरों पर है ।घर से लेकर मस्जिद और बाजारों में अभी से रौनक दिखाई दे रही है ।बाजारों में दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी हुई है ।माहे रमजान के विशेष पकवान की वस्तुओं की खरीदारी बड़े पैमाने पर की जा रही है। किराना,कपड़ा,जनरल स्टोर की दुकानों पर काफी भीड़ लगी रहती है ।सड़क किनारे किस्म किस्म के फल सब्जियों एवं खजूरों की दुकानें आज ही से सजने लगी हैं।

ब्लॉक सेमरियावां मुख्यालय सहित दुधारा, उसरा शहीद, बाघनगर, करही, दानुकोईयां, पैड़ी, बिगरा, लोहरौली, सालेहपुर, अगया, पचपोखरी , केशवा पुर, टेमा, छितौना, महदेव, चियूटना आदि चौराहों पर माह रमजान के रोजेदारों के लिए फलों की दुकानें, सेंवई की दुकानें सजने लगी हैं ।इस माह की आमद पर पूरे क्षेत्र में तैयारी जोरों पर है। छोटी बड़ी मस्जिदों की साफ सफाई नमाजियों के लिए मैट ,चटाई,बिजली पानी आदि का विशेष इंतजाम किए जा रहे है ।मस्जिदों में नमाजियों की तादाद बढ़ गई।

# जनपद से शीघ्र होगा कुष्ठ का उन्मूलन : विधायक मुकेश शर्मा

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कुष्ठ रोगी खोजी अभियान (एलसीडीसी) का शुभारंभ शनिवार को विधायक मुकेश शर्मा, सदस्य विधान परिषद द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवल किशोर रोड पर किया गया। इस मौके पर विधायक ने कुष्ठ जागरूकता रैली और अभियान में लगी टीमों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

विधायक ने कहा कि विभाग समय-समय पर कुष्ठ रोगी खोजी अभियान चलाकर कुष्ठ रोगियों की पहचान करता है, जिससे कि समय से रोग की पहचान हो और रोगी को दिव्यान्गता में जाने से रोका जा सके, इसके साथ ही स्वास्थ्य कार्यकर्ता लोगों को कुष्ठ के लक्षण और इलाज की सही जानकारी देते हैं, यही प्रयास रहा तो तय समय पर जनपद से इस बीमारी का उन्मूलन हो जायेगा। कुष्ठ रोग के प्रति समाज को जागरूक करना बहुत जरूरी है क्योंकि इसको लेकर लोगों में बहुत से भ्रांतियां व्याप्त हैं। राज्य कुष्ठ अधिकारी डा. जया देहलवी ने बताया कि 14 दिवसीय कुष्ठ रोगी खोजी अभियान एक से 12 मार्च और 17 से 18 मार्च तक चलेगा। यह अभियान लखनऊ, एटा, आगरा, वाराणसी सहित 47 जनपदों में चलाया जायेगा। बैक्टीरिया द्वारा होने वाला यह रोग संक्रामक होता है। इसका इलाज मल्टी ड्रग थेरपी (एमडीटी) द्वारा सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क किया जाता है, कुष्ठ रोग के लक्षण आने पर क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता या एएनएम से सम्पर्क करें या पास के स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच और इलाज कराएं, सही इलाज न कराने से निश्चित दिव्यांगता आ जाती है जो कभी ठीक नहीं होती, दिव्यांगता की स्थिति में करेक्टिव सर्जरी निःशुल्क होती है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एन.बी.सिंह ने कहा कि 14 दिवसीय अभियान का संचालन करने के लिए 4569 टीमें और 867 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। वर्तमान में जनपद में कुष्ठ से पीड़ित कुल 227 मरीज हैं। साल 2024-25 में कुष्ठ के 256 नए मरीज ढूँढे गए थे। कुल 200 मरीजों का इलाज पूरा हो चुका है और वह कुष्ठ मुक्त हो चुके हैं। कुष्ठ से दिव्यांग हुए रोगियों सरकार द्वारा पेंशन की सुविधा भी उपलब्ध है। जिला कुष्ठ अधिकारी डा. ए.के. सिंघल ने कहा कि यह अभियानबी सभी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में चलेगा। टीम द्वारा घर- घर जाकर लक्षणों के आधार पर लोगों की स्क्रीनिंग की जाएगी और चिन्हित संभावित कुष्ठ रोगियों को संदर्भन पर्ची के साथ नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा जाएगा जहां वरीयता के आधार पर उनका इलाज किया जाएगा। इस मौके पर जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रितु श्रीवास्तव, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी, सीएचसी अधीक्षक डॉ. वाई के सिंह, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डॉ. शिप्रा, जिला कुष्ठ सलाहकार डॉ. शोमित सिंह, सीएचसी के चिकित्सक और स्टाफ, आशा कार्यकताएं, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के कर्मचारी और सहयोगी संस्था सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफॉर) के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# शादी से पूर्व दहेज की रकम न देने पर वर पक्ष में शादी करने से किया इनकार

**रामघाट/बुलंदशहर।** रामघाट थाना क्षेत्र में शादी से पूर्व दहेज की रकम न देने पर वर पक्ष द्वारा शादी करने से इनकार करने का मामला प्रकाश में आया है वधू पक्ष की ओर से वर पक्ष के तीन लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है।

रामघाट थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि रामघाट थाना क्षेत्र के ग्राम नगला गर्वी माजरा जरगवा निवासी रोशन सिंह पुत्र श्री वासदेव सिंह द्वारा वर पक्ष के जयप्रकाश व तेजपाल पुत्र गीतालाल एवं जीतलाल निवासी ग्राम बदरपुर, थाना डिबाई को नामजद करते हुए पुलिस में दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी गीतालाल के पुत्र जयप्रकाश के साथ तय की थी। दान दहेज में चार लाख रुपए देने की बात पूरी होने पर 6 मार्च 2025 को विवाह की तिथि तय की गई।

# नेपाली प्रतिनिधिमंडल का भारतीय रेलवे परिवहन प्रबंधन संस्थान आईआरआईटीएम लखनऊ का दौरा



वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** नेपाल सरकार के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने आज लखनऊ में भारतीय रेलवे परिवहन प्रबंधन संस्थान (आईआरआईटीएम) का दौरा किया। यह दौरा 27 से 28 फरवरी 2025 तक आयोजित भारत और नेपाल के बीच सीमा पार रेल संपर्क परियोजनाओं पर 9वीं परियोजना संचालन समिति (पीएससी) और 7वीं संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) बैठक का हिस्सा था।

यात्रा के दौरान, 01 मार्च 2025 को आईआरआईटीएम, लखनऊ में एक बैठक आहुत की गयी, जिसकी अध्यक्षता अपर महानिदेशक संजय त्रिपाठी ने की। त्रिपाठी ने भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा के समूह ए अधिकारियों के साथ-साथ भारतीय रेलवे के अन्य अधिकारियों और पर्यवेक्षकों के लिए आईआरआईटीएम में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के विषय में प्रतिनिधिमंडल को अवगत कराया। उन्होंने भारतीय रेलवे के लिए युवा अधिकारियों को दक्ष और पेशेवर रूप में विकसित करने में संस्थान की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। बैठक में रेलवे प्रशिक्षण के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में नेपाल सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, रेलवे बोर्ड के अधिकारी, विदेश मंत्रालय (टएअ) के प्रतिनिधि और कफकळट के संकाय सदस्य शामिल हुए।

नेपाली प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे सुशील बाबू ढकाल, संयुक्त सचिव, भौतिक अवसंरचना और परिवहन मंत्रालय ) अजय कुमार मुल, महानिदेशक, रेल विभाग निरंजन कुमार झा, प्रबंध निदेशक, नेपाल रेलवे कंपनी अर्चना पौडेल, इंजीनियर, रबिंदर कुमार साह तुराहा, इंजीनियर, रेल विभाग।

# बेल्जियम की राजकुमारी 2 मार्च को बिजनौर पहुंचेंगी



**बिजनौर।** चांदपुर मार्ग पर बेल्जियम की एग्रिस्टो कंपनी की नई यूनिट बनेगी। इसकी नींव रखने के लिए बेल्जियम की राजकुमारी 65 प्रतिनिधियों के साथ दो मार्च को बिजनौर पहुंचेंगी। साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पहुंचने की भी संभावना है। इस दौरे को देखते पुलिस, प्रशासन अलर्ट हो गया। एसपी सिटी ने अधिकारियों के साथ एग्रिस्टो कंपनी स्थल पर पहुंचकर हेलीपैड समेत तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लिया। हीमपुर दीपा क्षेत्र में एग्रिस्टो कंपनी की दूसरी यूनिट लगनी है। इस यूनिट के लिए दो मार्च को भूमि पूजन होना है। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बेल्जियम के राजा के प्रतिनिधि के रूप में वहा की राजकुमारी 65 सदस्यों के साथ पहुंचेंगी। इनमें बेल्जियम के उप प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री समेत वहां की सरकार के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल रहेंगे। इस कंपनी ने वर्ष 2022 में जिले में उत्पादन शुरू किया था। यहां के उत्पाद विदेशों को भी निर्यात किए जाते हैं। कंपनी करीब 700 करोड़ की लागत से फ्रोजन फ्रेंच फ्राइज की यूनिट लगा रही है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि बेल्जियम की राजकुमारी और प्रतिनिधि आ रहे हैं।

# सनातन धर्म लोगो को कट्टरपंथी नहीं बनाता: श्री अवशेष पांडेय कल्लू महाराज



**वाराणसी मिजार्मुराद।** इस महाकुम्भ ने ये भी बताया कि जितनी सहन शीलता भारत के हिन्दुओं में है , उतनी सहनशीलता किसी और धर्म के लोगों में नहीं है, ४५ दिनों में भारत के ६६ करोड़ हिंदू उस प्रयागराज में आए जहाँ २२ % मुस्लिम आबादी है रहती है और जहाँ २५० से ज्यादा छोटी बड़ी मस्जिदें हैं एक भी दिन ऐसा नहीं हुआ जब महाकुम्भ में हिंदू श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण इन मस्जिदों में जुम्मे की नमाज न पढ़ी गई हो और इस दौरान मस्जिदों से अजान न हुई हो करोड़ो हिन्दू श्रद्धालु प्रयागराज आए लेकिन उन्होंने किसी दूसरे धर्म को कभी एक बार भी कोई चुनौती नहीं दी और न ही अपने धर्म को लेकर कहीं भी सड़क पर कोई उग्रता दिखाई न कोई उत्पात हुआ जो हिन्दू .. मुस्लिम इलाकों से पैदल यात्रा कर के महाकुम्भ आए उन्होंने भी मुस्लिम समुदाय के लोगो की धार्मिक भावनाओं का पूरा सम्मान किया और यही है सनातन धर्म की असली खूबसूरती है जो लोगो को धार्मिक होते हुए भी कट्टर नहीं बनाता।

# रहस्यमयी आग से घर हुआ स्वाहा लाखों का सामान जलकर राख

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** सुभाषनगर थाना क्षेत्र के शांति बिहार में शुक्रवार रात दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। राम सिंह के बंद पड़े घर में अचानक भयानक आग भड़क उठी, जिसने देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। तेज लपटें उठती देख पड़ोसियों के होश उड़ गए। जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक घर का एक-एक सामान जलकर राख में तब्दील हो चुका था।

राम सिंह का परिवार हिमाचल प्रदेश में रहकर मजदूरी करता है। उनका घर पिछले काफी समय से बंद पड़ा था और उसमें बिजली का कनेक्शन भी नहीं था। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर यह आग लगी तो लगी कैसे ? कहीं यह किसी व्यक्ति की साजिश का हिस्सा तो नहीं है ? पीड़ित परिवार ने आशंका जताई है कि किसी ने जानबूझकर उनके घर को आग के हवाले कर दिया।

इस भीषण अग्निकांड में राम सिंह का पूरा घर जलकर राख में तब्दील हो गया। उनके बेटे की शादी में मिला दहेज, बक्से में रखे कीमती कपड़े, अलमारी, बिस्तर, कूलर, बेड, पंखे और तकरीबन एक लाख रुपए के सोने-चांदी के गहने, सबकुछ जलकर खाक हो गया। इस अग्निकांड में घर का एक भी सामान नहीं बचा। इस घटना से परिवार सदमे में है और अब उनके पास कुछ भी नहीं बचा।

राम सिंह ने बिलखते हुए बताया है कि हमने बड़ी मेहनत मजदूरी करके एक-एक चीज जोड़ी थी। पता नहीं किसकी नजर लग गई। हमारा सब कुछ जलकर खाक हो गया। अब हम कहां जाए। परिवार इस हादसे के बाद पूरी तरह टूट चुका है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। आग कैसे लगी ? क्या यह किसी व्यक्ति की सोची-समझी साजिश थी ? या फिर किसी पुरानी रंजिश का नतीजा ? इन सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। फिलहाल, इस रहस्यमयी आग ने इलाके में सनसनी फैला दी है और लोगों के मन में कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

# ईद मेला और नखासा ठेके की नीलामी स्थगित

**टाण्डा जिला रामपुर।** शनिवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद कार्यालय में वर्ष 2025-26 हेतु ईद मेला, ठेका नखासा एवं ठेका हडडी मुदार्खाल मवेशी की नीलामी की जानी थी। जो अपरिहार्य कारणें से निरस्त कर दी गयी है। अब यह नीलामी 4 मार्च को की जाएगी। पूर्व घोषित सूचना के अनुसार शनिवार को नगर पालिका कार्यालय में ईद मेला, ठेका नखासा एवं ठेका हडडी मुदार्खाल मवेशी की नीलामी की जानी थी। जिसमें भाग लेने के लिए इच्छुक ठेकेदार पालिका कार्यालय पहुंचने लगे थे,किंतु अचानक अपरिहार्य कारणवश उक्त नीलामी स्थिगित कर दी गयी। अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार ने बताया कि अब उक्त ठेकों की नीलामी 4 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद में की जायेगी।

# रमजान का चांद नजर आते ही मुसलमानों में खुशी की लहर

वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** शनिवार को रमजान का चांद नजर आने के साथ ही मुसलमानों में खुशी की लहर दौड़ गयी। लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद पेश की और मस्जिदों में तरावीह की तैयारियां शुरू कर दीं। कुछ लोगों के घरों पर भी तरावीह का एहतमाम किया गया है। बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। रमजान बरकतों, रहमतों और मगिफरत का महीना है। इस महीने में मुसलमान रोजा रखते हैं और ज्यादा से ज्यादा अल्लाह की इबादत करते हैं।

शनिवार को रमजान का चांद नजर आने के साथ ही मुसलमानों में खुशी की लहर दौड़ गई। मस्जिदों और घरों में तरावीह की तैयारियां शुरू हो गईं। जामा मस्जिद में तरावीह के लिए खास इंतजाम किए गए हैं। चांद नजर आते ही लोगों ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी और इस मुबारक महीने का इस्तकबाल किया।

रमजान इस्लामिक कैलेंडर का एक खास और मुबारक महीना माना जाता है, जिसमें रोजे रखे जाते हैं, कुरआन की तिलावत की जाती है और इबादत पर खास ध्यान दिया जाता है।

मस्जिदों में तरावीह की नमाज अदा करने के लिए विशेष इंतजाम किए जाते हैं, और बाजारों में भी रौनक बढ़ जाती है। हदीस के मुताबिक, रमजान के महीने में कुरआन नाजिल हुआ। जो तमाम लोगों के लिए हिदायत है। जब रमजान का महीना आता है तो अल्लाह की बेशुमार रहमतें नाजिल होती हैं। जन्नत के दरवाजे खोल दिये जाते हैं और जहन्नुम के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं।

# टेलीग्राम पर कमाई का झांसा देकर एक युवक से साइबर ठगों ने ठगे 13.33 लाख रुपये

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** टेलीग्राम पर कमाई का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक युवक से 13.33 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने साइबर थाने में मोबाइल नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव तुमड़िया निवासी विवेक कुमार ने बताया है कि वह खेती किसानी करते हैं। उनके टेलीग्राम अकाउंट पर 22 जनवरी को एक मोबाइल नंबर से मेसेज आया, जिसमें नौकरी मिलने की बात की थी। इसके बाद उन्होंने फोन किया तो एक युवती ने फोन उठाया। उसने अपनी बातों में फंसा लिया और कमाई का झांसा दिया।

उन्होंने युवती की ओर से भेजी गए लिंक आईडी पर 10 हजार रुपये भेज दिए। जिसके बाद उसी आईडी से उनके खाते में 16 हजार 978 रुपये आ गए। उन्होंने दोबारा दो बार में 30522 रुपये भेज दिए, तब उनके खाते में 34 हजार 923 रुपये आ गए। विवेक ने बताया कि तीन दिन लगातार बढ़कर मिली धनराशि से उन्हें भरोसा हो गया।

इसके बाद युवती ने फोन करके बताया कि 26 जनवरी का आफर चल रहा है और जितना अधिक रुपया लगाओगे उतना अधिक लाभ होगा। तब उन्होंने अपने खाते से 6 लाख 7636 रुपये, अपने दोस्त देवेश कुमार के खाते से 63115 रुपये और अपने पिता रामेश्वर दयाल के खाते से 6 लाख 52 हजार 546 रुपये कुल 13 लाख 33 हजार 317 रुपये भेज दिए। उसके बाद कई दिन तक उन्हें रकम वापस नहीं मिली तब उन्होंने युवती को फोन किया, तब वह और रुपये की डिमांड करने लगी। इसके बाद उन्हें ठगी का एहसास हुआ।

# एसएसपी ने तोड़ी संजय ट्रांसपोर्टर और रिटायर्ड लेखपाल गैंग की कमर

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने जमीन के फर्जी दस्तावेजों से वसीयत और रजिस्ट्री के खेल में माहिर रिटायर्ड चकबंदी लेखपाल, संजय ट्रांसपोर्टर और उसके सहयोगियों की आपराधिक कमर तोड़ दी है। करोड़ों की धोखाधड़ी के मामले में इस गैंग पर एक और मुकदमा दर्ज हो गया है। अब तक बरेली जिले में रिटायर्ड लेखपाल सावन जायसवाल और विजय अग्रवाल गैंग के खिलाफ दस मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। किला क्षेत्र के साहूकारा मोहल्ले के रहने वाले नंद इंफ्रा डेवलपर्स के मैनेजर कपिल कुमार अग्रवाल ने बताया है कि 9 जून 2021 और 18 जून 2021 को पंजीकृत बैनामा के आधार पर वह बालीपुर अहमदपुर बिथरीचैनपुर स्थित जमीन के मालिक है।

वर्तमान खतौनी में भी उसका नाम संक्रमणीय भूमिधर के रूप में दर्ज है। इसके बावजूद, अमित सिंह ने 28 जनवरी 1992 की फर्जी अपंजीकृत वसीयत तैयार कराई और इसे आधार बनाकर 3 दिसंबर 2022 और 21 दिसंबर 2022 को शमी चंद्रा, रूचि चंद्रा और निधि अग्रवाल से अपने पक्ष में जमीन का बैनामा निष्पादित करा लिया। अमित सिंह वर्तमान में जेल में है। रिटायर्ड लेखपाल सावन कुमार जायसवाल से मिलकर गैंग ने बरेली जिले की कई जमीनों में धोखाधड़ी की। इसके बाद बरेली के तेजतर्रार छवि रखने वाले एसएसपी अनुराग आर्य और एसपी सिटी मानुष पारीक ने गैंग का खुलासा कर धोखाधड़ी करने वालों को जेल भेज दिया था। आरोपियों के फजीर्बाड़े के सिलसिले में अब एक और कड़ी जुड़ गई है।

इसमें बिना किसी कानूनी अधिकार के धोखेबाजों ने जमीन का फर्जी बैनामा तैयार कर संजय ट्रांसपोर्टर के भाई और रियल इस्टेट कारोबारी विजय कुमार अग्रवाल, उसके मैनेजर कार्तिक त्रिपाठी, उनके बेटे रितेश अग्रवाल और भतीजे मोहित अग्रवाल के नाम भी जमीन ट्रांसफर कर दी। ये सभी लोग जमीनों में फजीर्वाड़ा कर विवाद उत्पन्न करने और सस्ते दामों में जमीन खरीदने वाले गिरोह का हिस्सा हैं। अमित सिंह और उसके सहयोगियों पर पहले भी जमीन से जुड़े फजीर्वाड़े के कई मुकदमे दर्ज हो चुके हैं।

पीड़ित पक्ष ने इस मामले की शिकायत जिलाधिकारी से भी की थी, जिसके आधार पर एसएसपी ने जांच कराकर मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए थे। पीड़ित का कहना है कि वह व्यक्तिगत कार्य से शहर से बाहर था और लौटने के बाद उसने थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस घोटाले में शामिल सभी आरोपियों पर जल्द ही सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# चारों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

वेलकम इंडिया



**अमेठी।** शासन के निर्देशानुसार जन सामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, तहसील अमेठी में अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, तहसील मुसाफिरखाना व तहसील तिलोई में संबंधित उपजिलाधिकारी ने जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आज संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील गौरीगंज में 12 शिकायतें में प्राप्त हुई जिनमें से 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, तहसील अमेठी में 24 शिकायत में प्राप्त हुई जिनमें जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील तिलोई में 27 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया तथा तहसील मुसाफिरखाना में 18 शिकायत प्राप्त हुई जिनके निस्तारण हेतु पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीमें क्षेत्र में भेजी गई।

# प्राथमिक विद्यालय में मनाया वार्षिकोत्सव



वेलकम इंडिया

**कछवांरोड।** सेवापुरी ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय बिहड़ा पाही पर शनिवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रामा यादव व विशिष्ट अतिथि एआरपी डॉ. आलोक त्रिपाठी व प्रधान कमलेश यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुरू किये।

इस दौरान वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे नृत्य, समूह गान, देश भक्ति गीत, राधा कृष्ण अन्य एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिये। रामा यादव ने कहां की अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रूप देता है। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक गौरव ने किया। इस दौरान चंद्रशेखर, अमित द्विवेदी, नमिता सिन्हा, गीतांजलि कुमारी, संतोष कुमार दूबे समेत अन्य शिक्षक व अभिवावक कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण नगर निगम ने दर्ज कारवाई एफआईआर

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राजधानी की महापौर सुषमा खर्कवाल के सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों पर कार्रवाई के निदेर्शों का पालन करते हुए लखनऊ डिवीजन की मंडलायुक्त और नगर निगम विभाग के नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने कार्रवाई के आदेश दिए थे। आदेशों का पालन करते हुए अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने लखनऊ के ग्राम औरंगाबाद जागीर, तहसील-सरोजनी नगर में स्थित बंजर और ऊसर भूमि पर अवैध निर्माण का निरीक्षण किया। जिसके बाद स्थानीय लेखपाल, एलडीए और संबंधित अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से की गई स्थलीय और अभिलेखीय जांच में यह खुलासा हुआ कि कुछ असामाजिक तत्वों ने सरकारी भूमि पर अवैध तरीके से निर्माण कार्य कराया है।

जांच के दौरान खसरा संख्या-1197 (0.063 हेक्टेयर) और खसरा संख्या-1191 (0.076 हेक्टेयर) पर अवैध रूप से रास्ता और रो हाउस (संपत्ति) बनाये गये थे। खसरा संख्या-1197 पर वर्तमान में एक रास्ता और रो हाउस निर्माण पाया गया, जिसे स्थानीय लोगों से पूछताछ करने पर यह जानकारी मिली कि यह निर्माण कार्य हरिद्वार मिश्रा, सर्वदानन्द दुबे और संजय उपाध्याय द्वारा कराया गया है। यह रो हाउस सोसाइटी का हिस्सा है जो बिना किसी वैध अनुमति के बनाई गई है।

# कुएं में मिला लापता किशोर का शव, परिजनों में कोहराम

वेलकम इंडिया





**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के अमिनी गांव स्थित बस्ती के बीच में नंदलाल साव के मकान के सामने बने कुएं में शनिवार की सुबह घर से गायब अमिनी गांव निवासी हाईस्कूल के छात्र शनि प्रजापति उम्र (16) वर्ष पुत्र मुकेश प्रजापति का शव पानी के अंदर पड़ा मिला ।ग्रामीणों ने बताया कि गांव का ही एक लड़का पानी निकाल रहा था तो कुएं के अंदर बाल्टी में से शव लड़ा जिसके बाद लोग कुएं के अंदर देखे तो एक शव उल्टा पड़ा हुआ था ।ग्रामीणों द्वारा शव की सूचना मिजार्मुराद पुलिस को दिया गया।

सूचना पर मौके पर पहुंचे मिजार्मुराद थाना प्रभारी सुधीर त्रिपाठी व करधना चौकी प्रभारी रोहित दुबे ने घटना की सूचना एनडीआरएफ टीम को दिया ।कुएं की गहराई करीब 100 फिट होने के कारण शव निकालने के लिए कोई भी ग्रामीण नही तैयार था ।वही मृतक शनि के पिता मुकेश समेत अन्य परिजनों ने किशोर का हत्या का आरोप लगाकर डॉग स्क्वायड को बुलाने की मांग करने लगे।

घटना की सूचना पर एसीपी राजातालाब अजय श्रीवास्तव, थाना प्रभारी राजातालाब, फोरेंसिक टीम समेत भारी संख्या में फोर्स पहुंच गई ।वही परिजन डॉग स्क्वायड बुलाने की मांग करने लगे डॉग स्क्वायड न आने पर शव बाहर नही निकलेगा जिद पर अड़ गए।

घटना स्थल पर पहुंची सेवापुरी विधायक की प्रतिनिधि अदिति पटेल व जिला पंचायत सदस्य अमन सिंह के समझाने पर परिजन किसी तरह शांत हुए ।करीब तीन घण्टे बाद पहुंची एनडीआरएफ की टीम ने शव कुएं से बाहर निकाली ।शव बाहर आने के बाद डॉग स्क्वायड शव सूंघने के बाद बस्ती के बाहर चल दी।

वही परिजनों ने शव का शिनाख्त करने के बाद दहाड़ मारकर रोने बिखलने लगे ।पुलिस ने मृतक किशोर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दी ।मृतक शनि अपने पिता का इकलौता पुत्र था ।पिता मुकेश प्रजापति राजगीर का काम करने परिवार चलाते है ।ग्रामीणों व आसपास के लोगो ने बताया कि शनि पढ़ाई लिखाई में बहुत ही होनहार था गांव में भी किसी के यहां बहुत आता जाता नही था।

वही चर्चा के अनुसार किशोर हाईस्कूल का पेपर दे रहा है 24 तारीख को पेपर देकर आया उसी दिन से दोस्तो से कह रहा था कि पेपर सही नही गया है काफी परेशान चल रहा था ।बीते गुरुवार की सुबह ही शनि घर से गायब हो गया था ।घर से 100 मीटर की दूरी पर कुएं में शव मिलने के बाद तरह-तरह की चचाएं गांव में हो रही थी ।मृतक के मां मीरा देवी, पिता मुकेश व दो बहनें संजना व पायल का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

थाना प्रभारी सुधीर त्रिपाठी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ।शव पर किसी तरह का कोई चोट नही था शव दो से तीन दिन पुराना लग रहा था मृतक किशोर के पिता के तहरीर पर बीते गुरुवार को ही किशोर के गायब होने का मुकदमा दर्ज कर लिया गया था पुलिस उसी दिन से तलाश में लगी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही ये कन्फर्म होगा कि मौत कैसे हुई है।

# सही जिंदगी गुजारने की तरबियत का नाम है, रोजा : कलीमुल्लाह

वेलकम इण्डिया



**सिद्धार्थनगर।** रोजा रखने से न सिर्फ खुदा की रजा, कुर्बत और खुशनूदी हासिल होती है बल्कि जिस्मानी, रूहानी और समाजी ऐतबार से भी इससे बहुत से फायदे हैं। नबीझएझकरीम सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम ने फरमाया कि ₹एे लोगों, रोजा रखो, और सेहतमंद हो जाओ₹। रोजा रखने की वजह से सेहतमंद होने की तस्दीक नोबल प्राइस याफ़्ता जापानी साइंटिस्ट सेल बायोलॉजिस्ट ₹योशिनोरी ओसुमी₹ ने रिसर्च के बाद बताया कि, जब हम रोजा रखते हैं तो हमारे जिस्म की गिजाईयत खत्म होने लगती है, तो भूख के दौरान जब हमारे जिस्म के अन्दर खाना नहीं पहुंचता है, तो हमारा जिस्म, जिस्म के अन्दर मौजूद जहरीले सेल्स, जो कैंसर का सबब बनते हैं, उसे खाना शुरू कर देते है। मेडिकल लैंग्वेज में इसे ₹ऑटोफैजी₹ कहा जाता है। जापानी साइंटिस्ट ने कहा कि अगर लोग सेहतमन्द रहना चाहते हैं तो साल में बीस से पच्चीस दिन लगातार आठ से दस घंटे तक रोजा रखें। मजहबझएझइस्लाम में हर बालिग मर्द और औरत पर साल में 29 या 30 दिन का रोजा रखना फर्ज.है।

अल्लाह तआला ने नमाज, रोजा, हज, जकात, फितरह जैसी इबादतों के अन्दर बहुत सारी बीमारियों का इलाज और शिफा रखी है। जब हम नमाज पढ़ने के लिए जाते हैं, तो पाक होने के लिए सबसे पहले गुस्ल करते हैं, फिर हर नमाज के पहले वजू करते हैं, वजू के दौरान, हाथ, पैर, नाक, कान, चेहरा, गला, सिर, बाल वगैरह सब धुलते हैं, तो इस तरह जिस्म की सारी गन्दगी खुदझबझखुद दूर हो जाती है। फिर हम नमाज में खड़े होते हैं, दोनों हाथ उठते हैं, बांधते हैं, रूकुअ, सजदा, करते हैं, बैठते हैं, सलाम के वक्त दाएं बाएं गर्दन की फेरते हैं, तो यह सब जिस्मानी लिहाज से बहुत फायदेमंद होता है।

माहे रमजान में हर साहिबे हैसियत अफराद अपने रूपए, पैसे, सोना, चांदी का ढाई फीसद हिस्सा जकात, और घर के हर फर्द की तरफ से 02 किलो 67 ग्राम गेहूं, चावल, चना, वगैरह वह अनाज, जिसे हम खुद खाते हैं, उसे गरीबों, मिसकीनों, यतीमों, बेवाओं में तकसीम करते हैं, इससे हमारे अन्दर गरीबों, मिसकीनों, जरूरतमंदों की मदद और उनसे हमदर्दी का जज्बा पैदा होता है।

## पिटाई से हुई थी भंवर सिंह की मौत, पीएम के आधार पर पुलिस जांच में जुटी

**बुलंदशहर।** गुलावठी क्षेत्र के भंवर सिंह की मौत का राज तीसरे दिन भी बरकरार है। पुलिस अभी तक हत्या और दुर्घटना की गुत्थी को नहीं सुलझा सकी जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पिटाई से मौत होना सामने आया है। भंवर सिंह के शरीर पर चोट के कई निशान थे। मामले में अभी तक तहरीर नहीं दी गई है। प्राप्त विवरणनुसार गुलावठी-हापुड़ बॉर्डर पर धौलाना मार्ग पर रूई धुनने की टाल में गुलावठी के मोहल्ला रामनगर निवासी भंवर सिंह का शव मिला था। पुलिस के सीमा विवाद के दौरान मृतक के परिजनों ने उनकी शिनाख्त की। इसके बाद गुलावठी पुलिस ने जांच शुरू की। पोस्टमार्टम के बाद उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया था। मामले में परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी। पोस्टमार्टम में स्पष्ट हुआ है कि भंवर सिंह की मौत मारपीट के कारण हुई। उनके सिर, चेहरा, होंठ, गर्दन, सीना, हाथ और पैरों पर चोट के कई निशान थे। आशंका है कि हत्या के बाद उनका शव रूई धुनने की टाल में फेंका गया।

कई सवाल अनसुलझे भंवर सिंह का शव रुई की टाल में मिलना और टाल के बाहर ईंट के कई टुकड़े पड़े होने से कई सवाल उठ रहे हैं। पहला सवाल यह है कि भंवर सिंह का शव अंदर कैसे पहुंचा। रूई मशीन के चारों ओर बोरियों की टाट लगी है और टाट भी क्षतिग्रस्त नहीं हैं। टाट के बाहर ईंट के कुछ टुकड़े पड़े हुए थे। ये टुकड़े यहां कैसे आए। वहीं पुलिस कप्तान श्लोक कुमार सिंह का कहना है कि

मामले में तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही वारदात का खुलासा कर दिया जाएगा।

# जयकारों के बीच निकाली कलश यात्रा



वेलकम इण्डिया

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ कस्बे से सटे ब्लॉक रोड पर शनिवार को श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कथा शुभारंभ से पहले कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान अबीर-गुलाल उड़ाते हुए भक्त जयकारों की बीच भक्ति गीतों पर थिरकते हुए डोई नदी पर पहुंचे। यहां पीत वस्त्रधारी महिलाओं व युवतियों जल भरा। इसके बाद वापस कथा स्थल पहुंच कर कलश स्थापित किया।

कस्बे से सटे नवनिर्मित डॉ. सुनीता जायसवाल मेमोरियल हॉस्पिटल सुपर मल्टी स्पेशिलिटी एंड ट्रामा सेंटर पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा से पहले यजमान डॉ. सुशांत कुमार जायसवाल ने भक्तों के साथ कलश यात्रा निकाली। यह कलश यात्रा रेलवे क्रासिंग, पेट्रोल पंप, गड़ाकुल तिराहा, श्रीराम जानकी मंदिर, नीबी दोहनी होते हुए डोई नदी पर पहुंचा। यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पीत वस्त्रधारी महिलाओं व युवतियों ने जल भरा। कलश यात्रा में आगे-आगे चल रही हाथी लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। यात्रा में शामिल भक्त भक्ति गीतों पर रास्ते भर अबीर-गुलाल उड़ाते हुए डांस करते रहे। प्रभु का जयकारा भी रास्ते भर लगता रहा। वापस कलश यात्रा श्रीराम जानकी मंदिर होते हुए हॉस्पिटल पहुंचा। इसके बाद पुरोहित राजेंद्र ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश स्थापित कराया। देर शाम सात बजे से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। यह कथा 10 मार्च तक चलेगी। जिसमें भक्त पहुंचकर रसपान कर सकते हैं। इस दौरान पंकज पांडेय, राजीव मिश्रा, किरन, रविंद्र गौड़, मनोज जायसवाल, राघवेंद्र उपाध्याय, सूर्यकांत पांडेय, सतीश जायसवाल आदि मौजूद रहें।

# झांसी में एस के इंटरप्राइजेज शोरूम का हुआ भव्य उद्घाटन

वेलकम इंडिया



**झांसी।** एस के इंटरप्राइजेज शो रूम का हुआ भव्य उद्घाटन चीफ गेस्ट नफीसा खान एवं अनवर खान द्वारा फीता काटकर किया गया इस मौके पर शो रूम के मालिक इरशाद खान ने बताया कि मैने यह शो रूम यहां के लोगों को फ्लोरिंग मैट्रेस पिलो फोम सोफा फैब्रिक जैसी बहुत प्रकार की समान जनता को थोक और फुटकर रेट पर देंगे वही फील्ड मैनेजर विशाल वर्मा (गौरव) ने मीडिया से बातचीत में बताया कि झांसी कचहरी रोड पर हमारी नई एस के इंटरप्राइजेज के नाम से दुकान खुली है हमारे यहां सभी प्रकार के गद्दे पीवीसी फ्लोरिंग तकिए मत ट्रेस रेक्सीन सोफा फैब्रिक उचित रेट पर उपलब्ध है हमारे यहां उन्होंने कहा कि हर गड्ढों पर आपको 15 से 20% तक की छूट भी दी जा रही है उन्होंने अपने ग्राहकों को संदेश देते हुए कहा कि हमें एक बार सेवा का अवसर जरूर दें हमारे यहां के सामानों की क्वालिटी को परख कर देख ले जिस हिसाब से सामान रहेगा उसे हिसाब से उचित रेट लगाकर ग्राहकों को दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हम फुटकर और थोक दोनों के विक्रेता है जिससे हमारे ग्राहकों को सस्ते दामों में यहां पर सभी सामान मिल जाएंगे जितनी भी क्वांटिटी चाहिए उतनी हमारे यहां से आपको मिल सकती है उन्होंने कहा कि हमारे पास बहुत सारे रेंज अवेलेबल हैं जो आप आकर देख सकते है वही इस मौके पर अजय दुबे नजमुल हसन शरीफ अहमद एडवोकेट कलाम कुरैशी आसिफ आदि लोग मौजूद है।

## प्रयास:सभी के लिए वर्ष 2025 के लिए

# रामबाबू शर्मा अध्यक्ष, इंजी.के डी गुप्ता महामंत्री, एड.दिनेश वर्मा कोषाध्यक्ष चुने गए

वेलकम इंडिया




**झांसी!** संस्था प्रयासःसभी के लिए की संचालक मंडल की सभा संस्थापक अध्यक्ष मनमोहन गेड़ा के निर्देशन में अध्यक्ष बैदेही शरण सरावगी की अध्यक्षता में संचालक मंडल की सभा स्थानीय होटल में आगामी वर्ष 2025-26 की नयी कमेटी के गठन के लिये आयोजित की गई जिसमें पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसकी घोषणा निवर्तमान अध्यक्ष सुनील खरे ने की वर्ष 2025-26 के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष रामबाबू शर्मा ,महामंत्री इन्जीनियर के डी गुप्ता ,कोषाध्यक्ष एडवोकेट दिनेश वर्मा चुने गए। महिला विंग का चुनाव भी सर्वसम्मति से लिया गया जिसमें अध्यक्ष रितु पुरवार और सचिव पद पर सरिता अग्रवाल चुनी गई।

कार्यक्रम संयोजक मुक्ता अरोरा - मनोज अरोरा ने ग्रीट मीट और रिजेक्ट की थीम पर बहुत ही मनोरंजक कपल गेम्स का आयोजन किया साथ में पुराने सुपर हिट गीतों की गीतमाला पर आधारित एक अनूठे अंदाज में मस्त हाउजी खेली गयी।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अशोक अग्रवाल पी एन बी, देवेन्द्र नगरिया, भरत सेठ, एड. अनिल श्रीवास्तव, प्रदीप गुप्ता रानीपुर, दिनेश चौरसिया, अशोक ओमहरे, ऋषि लोहिया, एड. संजय खरे, हरविन्द कुमार, देवेश मिश्रा, अशोक पासी, अंकित राय, ज्योति ओमहरे, अलका गेड़ा, कुमकम गुप्ता, रेखा लोहिया, रेखा शर्मा, संगीता वर्मा, अंजू लोहिया, मधु पासी, अनीता चौरसिया, हर्षिता मिश्रा, दिव्या नगरिया, सुनीता खरे आदि उपस्थित रहे।

# बुंदेलखंड राज्य की मांग तेज, प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**झांसी।** बुंदेलखंड क्रांति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा, जिसमें बुंदेलखंड को अलग राज्य बनाने की मांग की गई। यह ज्ञापन झांसी कलेक्टर को सौंपा गया, जिसमें ऐतिहासिक और प्रशासनिक तर्कों के आधार पर क्षेत्र के पुनर्गठन की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

इस मौके पर कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड के लोगों को विकास योजनाओं के नाम पर लगातार छलावा किया जा रहा है। आज भी यहां के नागरिक बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं, रोजगार के अभाव में लाखों युवा पलायन कर रहे हैं, और सरकारी योजनाओं का लाभ जनता तक नहीं पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद बुंदेलखंड को एक अलग राज्य का दर्जा मिला था, जिसे बाद में अन्य राज्यों में मिला दिया गया, जिससे इस क्षेत्र के साथ अन्याय हुआ।

ज्ञापन में स्पष्ट किया गया कि बुंदेलखंड की जनसंख्या और क्षेत्रफल के आधार पर यह देश का एक स्वतंत्र राज्य बनने के सभी मानदंड पूरे करता है। इसके बावजूद, 1956 के बाद कई नए राज्य बने, लेकिन बुंदेलखंड की लगातार अनदेखी की गई। इस कारण क्षेत्र में आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक पिछड़ापन बना हुआ है।

बुंदेलखंड क्रांति दल ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि जल्द से जल्द बुंदेलखंड को पृथक राज्य का दर्जा दिया जाए, ताकि इस क्षेत्र के नागरिकों को न्याय और विकास का अवसर मिल सके।

इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश तोमर , जिलाध्यक्ष युवा सेना, अरविंद सिसोदिया , नगर अध्यक्ष कालीचरण श्रीवास, जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा, गजराज निरंजन एरच, हरकिशोर रजक, देवेंद्र अहिरवार, विनोद वर्मा।(जिलाध्यक्ष) ,मो. आरिफ कमाल, प्रमोद शेखावत, हरिशंकर शर्मा राजू, अफसर अली, अनवर अहमद मंसूरी, छोटू खान, सुनील पुरोहित, दुर्गा प्रसाद, देशराज अहिरवार, लक्ष्मी नारायण धोबी, श्याम सुन्दर पांडे डगरवाहा, फूल चंद्र राय, शैलेंद्र यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया एसएसबी 43वीं वाहिनी का स्थापना दिवस

वेलकम इण्डिया

**सिद्धार्थनगर।** 43वीं. वाहिनी एस.एस.बी सिद्धार्थनगर के मुख्यालय परिसर में हर्षौल्लास के साथ वाहिनी का 13वां स्थापना दिवस मनाया गया। उज्जल दत्ता, कमान्डेंट, 43वीं वाहिनी ने बताया कि वर्ष 2013 में ज्योलीकोट, जिला नैनीताल, उत्तराखंड में 43वी वाहिनी का स्थापना किया गया था तथा वर्ष 2017 से 43वी वाहिनी जनपद सिद्धार्थनगर में स्थानांतरित हुई, तभी से 43वी वाहिनी सिद्धार्थनगर जिले के भारत-नेपाल सीमा के लगभग 40 किलोमीटर क्षेत्र के निगरानी का दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रही है क भारत-नेपाल सीमा के सुरक्षा के साथ साथ 43वी वहिनी अपने कार्यक्षेत्र के कुल 684 गांवो के नागरिकों के उत्थान हेतु निरंतर प्रयासरत है।

आज स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर सर्वप्रथम वाहिनी कमांडेंट व अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण व जवानों द्वारा सीमान्त मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल, लखनऊ के अधीन राष्ट्र सेवा में शहीद हुए आरक्षी अमित कुमार तिवारी, आरक्षी अनिल कुमार, मुख्य आरक्षी रामप्रवेश यादव और आरक्षी विजय कुमार को नमन कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया गया क इसके उपरांत वाहिनी कमांडेंट के साथ साथ मुन्ना सिंह, उप महानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय गोरखपुर को गार्ड ऑफ ओनर दिया गया।

तत्पश्चात, मुख्य अतिथि श्याम धनी राही, विधायक, कपिलवस्तु के साथ मुन्ना सिंह, उप महानिरीक्षक क्षेत्रक मुख्यालय गोरखपुर, जयेंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी, सिद्धार्थनगर, के. पुष्पा कुमार, डीएफओ सिद्धार्थनगर, उमा शंकर सिंह, ए.डी.एम. सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थ, ए.एस.पी., सिद्धार्थनगर, राजेश कुमार, मुख्य शाखा प्रबंधक, एस.बी.आई, सिद्धार्थनगर व अन्य गणमान्य व्यक्तियों के उपस्थिति में मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा फीता काटकर वाहिनी द्वारा आयोजित मेले का शुभारंभ किया गया क उपस्थित अतिथियों तथा संदीक्षा सदस्यों व उनके बच्चों द्वारा मेले में वाहिनी के अधीन सभी समवायों व शाखाओं द्वारा संचालित विभिन्न तरह के व्यंजन के स्टाल, ट्रामप्लिंग तथा बर्जर वायर, टायर व फुटबॉल, गोल्फ स्टीक, रिंग विजेता, थ्रो बॉल आदि खेलों का आनंद लिया गया क तत्पश्चात, सीमान्त मुख्यालय के जाज बैंड दल द्वारा भक्ति गीत के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आरंभ किया गया क इस कार्यक्रम के दौरान वाहिनी के उज्जल दत्ता, कमांडेंट, एल.आशाकुमार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी के साथ साथ अन्य कार्मिकों व संदीक्षा सदस्यों द्वारा उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुति कर समां को रंगमय बनाया गया। तत्पश्चात, उज्जल दत्ता, कमान्डेंट के द्वारा उपस्थित सभी अतिथिगण को वाहिनी के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर स्मृति स्वरुप भेंट प्रदान किया गया।

तदोपरांत, मुख्य अतिथि श्यामधनी राही, विधायक, कपिलवस्तु के साथ साथ मुन्ना सिंह, उप महानिरीक्षक, चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, समाज सेवक द्वारा वाहिनी द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए बालकर्मियों को शुभकामनाये दी गई क कार्यक्रम के दौरान 43वीं वाहिनी के शक्ति सिंह, उप कमांडेंट, यशवंत कुमार, उप कमांडेंट, राज पाल, उप कमांडेंट, अंकुश डांगे सुभास, सहायक कमांडेंट, कैलाश दान, सहायक कमांडेंट, डॉ. कल्याणी स्वेन, सहायक कमांडेंट (चिकित्सा), अखिलेश कुमार, सहायक कमांडेंट, अंकित कुमार, सहायक कमांडेंट, वाहिनी के अधीनस्थ अधिकारीगण व कार्मिकों के साथ साथ जोर्ज गेओर्ग, प्रधानाचार्य, सेंटजेवियर स्कुल, अजय कुमार भारद्वाज, प्रधानाचार्य, गंगा पब्लिक स्कुल भी उपस्थित रहे क अंत में कमांडेंट 43वीं द्वारा वाहिनी के सभी कार्मिकों को कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु उनके द्वारा निष्पादित किये गए कार्यों की सराहना करते हुए उत्साहवर्धन कर कार्यक्रम का समापन किया गया।





# सहारनपुर की निगम गौशाला ने गोबर से बनाया गुलाल

वेलकम इंडिया



**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा संचालित कान्हा उपवन गौशाला ने होली पर्व को और खुशनुमा बनाने के लिए गोबर से प्राकृतिक गोमय गुलाल तैयार किया है। सहारनपुर की कान्हा उपवन गौशाला प्रदेश की पहली गौशाला है जिसके द्वारा गोबर से गुलाल बनाया गया है। गोबर से निर्मित यह गुलाल होली खेलने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रदेश के नगर विकास मंत्री ए के शर्मा को भी भेजा जायेगा। नगरायुक्त संजय चौहान ने आज निगम अधिकारियों के साथ गौशाला पहुंचकर गुलाल बनाये जाने की प्रक्रिया का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए।

नगरायुक्त संजय चौहान ने बताया कि नगर निगम द्वारा संचालित श्री शाकुंभरी कान्हा उपवन गौशाला आईएसओ प्रमाणित है और आत्म निर्भर बनने के लिए देश-प्रदेश में अपने नवाचारों के लिए जानी जाती है। गोबर से अनेक उत्पाद बनाने के अलावा इको फ्रेंडली पेंट बनाने के बाद अब कान्हा गौशाला द्वारा गोबर से गुलाल तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि यह गुलाल प्राकृतिक एवं इको फ्रेंडली है। उन्होंने बताया कि कान्हा उपवन गौशाला प्रदेश की पहली गौशाला है जिसके द्वारा गोबर से गुलाल तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि गोबर से निर्मित ये गुलाल होली खेलने के लिए मान्य प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व नगर विकास मंत्री को भी भेजा जायेगा। गौशाला के वरिष्ठ प्रभारी/मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह ने बताया कि गौशाला द्वारा गोबर से जो गुलाल तैयार किया जा रहा है उसमें गोबर का पाउडर, आरारोट, इत्र, फलों के रंग तथा चुकंदर, पालक व हल्दी आदि का प्रयोग किया जा रहा है। इसमें कोई केमिकल नहीं है। यह उच्च गुणवत्ता का प्राकृतिक गुलाल है। उन्होंने बताया कि यह प्राकृतिक गोमय गुलाल चार रंगों पिंक, हरा, पीला और नीले रंग में बनाया जा रहा है। गौशाला प्रभारी तथा निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने बताया कि इस गुलाल के उपयोग से त्वचा को कोई हानि नहीं होगी। उन्होंने बताया कि एग्जीमा व सोरायसिस आदि अनेक स्किन रोगों का पंचगव्य द्वारा जो प्राकृतिक उपचार किया जाता है, उस पंचगव्य का मूल आधार गोबर ही रहता है। उन्होंने बताया कि गौशाला द्वारा निर्मित यह गुलाल नगर निगम में स्टाल पर उपलब्ध कराने के साथ साथ बाजार में तथा ऑन लाइन भी उपलब्ध कराया जायेगा। यह गुलाल 100 ग्राम, 250 ग्राम व 500 ग्राम के पैकेट में उपलब्ध रहेगा। इस दौरान अपर नगरायुक्त राजेश यादव, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, एई रतन पाण्डेय सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

## आपदा के दृष्टिगत अधिकारी रहें मुस्तेद

**बागेश्वर,** जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने मौसम विभाग के पूर्वानुमान के आधार पर सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। और सभी क्षेत्रों में आपदा से2होने वाले नुकसान और आमजन को आपदा से होने वाली क्षति का आंकलन बनाकर सभी लोगों को उचित सहयोग प्रदान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने सभी अधिकारियों को अपने मोबाइल फोन स्वीच ऑफ नही करने, कही भी आपदा से नुकसान होने की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने, सभी प्रकार की आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के लिए तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए। आपदा से होने वाले नुकसान की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश सभी नोडल अधिकारी को दिए। डीएम ने कहा कि अधिकारी होने के साथ साथ हम सभी की मानवीय जिम्मेदारी भी है। सभी अधिकारी परस्पर सहयोग की भावना से कार्य करते हुए आपदा आने पर लोगों को तत्काल उचितसहयोग प्रदान करें। उन्होंने किसी भी प्रकार से किसी भी विभाग द्वारा कोताही की शिकायत मिलने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की भी चेतावनी दी। डीएम ने सभी अधिकारियों को आपदा की स्थिति में तत्काल जिलाधिकारी और आपदा प्रबंधन विभाग को भी मामले में विभागीय स्तर पर हुई।

# महाकुंभ श्रद्धालु आनंदित मन से लौटे, सेवा-सत्कार की त्रिवेणी ने किया अभिभूत


वेलकम इंडिया



**प्रयागराज:** आध्यात्मिक, धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना से ओत-प्रोत महाकुंभ 2025 का भव्य समापन हो गया। श्रद्धालुओं ने इस महासंगम में केवल आस्था और पुण्य का अनुभव ही नहीं किया, बल्कि सेवा-सत्कार और समर्पण की त्रिवेणी से भी अभिभूत हुए। सिख समाज के सरदार पतविंदर सिंह जैसे समर्पित सेवादारों की निस्वार्थ भावना ने महाकुंभ को और भी दिव्यता प्रदान की।

सेवा और समर्पण की मिसाल बने सेवादार महाकुंभ में हर ओर 'अतिथि देवो भव' की भावना देखने को मिली। सेवादारों ने श्रद्धालुओं की हर संभव सहायता की—चाहे वह राह दिखाने की बात हो या भोजन और चिकित्सा सेवाओं की। सरदार पतविंदर सिंह जैसे समर्पित सेवादारों ने अपनी सेवा-भावना से सबको अभिभूत कर दिया। उनकी सेवा अद्भुत और अकल्पनीय रही, जो संकल्प से सिद्धि तक का सफर तय करने वाली थी। श्रद्धालु आनंदित और प्रफुल्लित मन से लौटे महाकुंभ में श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया और सेवा-सत्कार के इस माहौल में स्वयं को सुरक्षित और सम्मानित महसूस किया। प्रयागराज में आए श्रद्धालु प्रफुल्लित और आनंदित मन से अपने गंतव्य को लौटे, इस संकल्प के साथ कि वे इस अलौकिक अनुभव को जीवनभर संजोकर रखेंगे। सेवा की भावना रही जागृत महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि संवेदना, सेवा और समर्पण की पराकाष्ठा भी रहा। हर किसी ने अपने-अपने स्तर पर सेवा का योगदान दिया और श्रद्धालुओं को सहज अनुभव प्रदान करने के लिए कार्य किया। इस महायोजना ने यह संदेश दिया कि सेवा ही सच्चा धर्म है। महाकुंभ 2025 ने जहां श्रद्धालुओं को आध्यात्मिकता से जोड़ा, वहीं सेवा-सत्कार और संवेदना का एक अद्वितीय उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

## इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड बुक में हापुड़ के आर्टिस्ट सिद्धार्थ गौतम ने कराया नाम दर्ज




वेलकम इंडिया

**(हापुड़)** मोहल्ला रामगढ़ी की निवासी सतीश कुमार गौतम पुत्र सिद्धार्थ गौतम ने अपनी कला की छाप छोड़कर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराकर किया मुकाम हासिल। आर्टिस्ट सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर से 108 कलाकारों को (महाकुंभ) प्रयागराज मेले में आमंत्रित किया था जिसमें मेरा भी चयन हुआ और 27 फरवरी महाशिवरात्रि वाले दिन को 108 कलाकारों में शामिल हुए और वहां पर 108 कलाकारों ने 108 मिनट में 2/3 फीट केनवास पर पेंटिंग बनाकर पूरा किया। जो कि आज तक महाकुंभ के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ है। आपको बता दें कि आर्टिस्ट सिद्धार्थ गौतम पहले भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी परिचय लेते हुए सम्मानित कर चुके हैं और भी काफी स्तरों के कला प्रतियोगिता में विजेता रह चुके हैं। सिद्धार्थ गौतम के शिक्षक डॉ0 संघर्ष शर्मा और आर्ट डायरेक्टर अशोक सिंह चौहान उपस्थित रहे।

# जिला अध्यक्ष चौधरी सुखविंदर सिंह की अध्यक्षता में भाकियू महात्मा टिकैत की बैठक शिव धर्मशाला आदर्श नगर नजीबाबाद में हुई

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**नजीबाबाद** - जिला अध्यक्ष चौधरी सुखविंदर सिंह की अध्यक्षता में भाकियू महात्मा टिकैत की बैठक शिव धर्मशाला आदर्श नगर नजीबाबाद में हुई, जिसमें गन्ना मूल्य वृद्धि, गंगा एक्सप्रेसवे बिजली विभाग मैं व्याप्त भ्रष्टाचार तथा तहसीलों मे पटवारी से लेकर रजिस्टार और तहसीलदार स्तर तक, दाखिल खारिज व बैनामो के नाम पर हो रही लूट के खिलाफ, जिले में हाईवे निर्माण के नाम पर मानकों की अनूदेखी कर हो रहे मिट्टी खनन, काशीपुर से लेकर हरिद्वार तक निमार्णाधीन हाईवे में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता को लेकर तथा जगह-जगह निमार्णाधीन पुलों को लेकर मनको की अनदेखी के संबंध में, नदियों में चल रहे मांनको की अनदेखी कर अवैध खनन के विरुद्ध, और विभिन्न क्षे क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर तहसील नजीबाबाद, नगीना, धामपुर, चांदपुर में माननीय मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए बिजनौर कलेक्ट्रेट में विशाल धरना प्रदर्शन कर शासन प्रशासन की कुंभकर्णी नींद को तोड़ने के लिए भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत ने एक पैदल मार्च अपने संगठन के लोगों के साथ निकालने को लेकर प्रस्ताव पास किया, जिसको लेकर जल्द ही प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना प्रेषित करा दी जाएगी जिसमें तिथि, रोड मैप, जहां जहां से होकर भाकियू महात्मा टिकत का कारवां बिजनौर कलेक्ट्रेट पहुंचेगा व उससे संबंधित सूचनाओं से भी जिला प्रशासन को अवगत करा दिया जाएगा। रूट प्लान के मुताबिक नजीबाबाद वाया नगीना वाया धामपुर वाया चांदपुर से बिजनौर तक पैदल मार्च की रणनीति बनाई गई है जिसकी सफलता को लेकर संगठन के सभी लोग एकमत है आज की मीटिंग जिला अध्यक्ष सुखविंदर सिंह, जिला उपाध्यक्ष कुलदीप मोर, जिला उपाध्यक्ष अतुल चौधरी, जिला प्रभारी चौधरी राजवीर सिंह, जिला महामंत्री जितेंद्र हुड्डा, जिला महासचिव विकास चौधरी, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा कफील अंसारी, जिला महासचिव अल्पसंख्यक मोर्चा मोहम्मद रफी, कार्मेंद्र सिंह, जिला संगठन मंत्री जगबीर सिंह, जिला प्रचार मंत्री कपिल चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी, मीडिया प्रभारी शहजाद मलिक, बहार आलम, तहसील प्रभारी नजीबाबाद सुनील चौधरी आईटी हेड सारांश मलिक, आदेश शर्मा, सुहेल अंसारी, कृष्णा कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## निगम वार्डो के विकास पर कर रहा ध्यान केन्द्रित: महापौर



वेलकम इंडिया

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने वार्ड 17 के मौहल्ला घड़ी मलूक में दो सड़कों एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। निर्माण कार्य पर करीब दस लाख रुपये लागत आयेगी।

वार्ड 17 के लोगों द्वारा निरंतर की जा रही मांग पर आज महापौर डॉ. अजय कुमार ने घड़ी मलूक में करीब दस लाख रुपये की लागत से बनने वाली दो सड़कों एवं नाली निर्माण कार्य का विधि विधान से पूजन और रिबन काटकर शुभारंभ किया। महापौर ने कहा कि घड़ी मलूक शहर का महत्वपूर्ण क्षेत्र है। इस क्षेत्र का विकास निगम की प्राथमिकता में रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम लगातार वार्डो के विकास पर ध्यान केन्द्रित कर सड़कों, नालियों के निर्माण के अलावा शुद्ध पेयजल के लिए पम्प तथा पार्को के सौंदर्यीकरण आदि का काम कर रहा है, और यह लगातार जारी रहेगा।

इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद संजीव करनवाल, पार्षद श्री के.के. बत्रा, मंडल अध्यक्ष गोपाल मेहंदीदत्ता के अलावा विनोद घावरी व जयराम गौतम सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## डीएम ने सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा




वेलकम इंडिया

बागेश्वर, गोविन्द मेहता, जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने शनिवार को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों के स्तर पर लम्बित शिकायतों एवं समस्याओं को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिए। तथा दर्ज शिकायतों को समयबद्धता व प्राथमिकता के तहत निस्तारण करने के कड़े निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (वढउछ) से जुड़ी शिकायतें अधिक थी। जिसमें उपभोक्ताओं को गलत बिजली बिल मिलने, एक ही माह में दो बार बिल जारी होने जैसी समस्याएं सामने आईं। इस पर डीएम ने कड़ी आपत्ति जताते हुए यूपीसीएल के ईई को निर्देश देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं के केवल वास्तविक खपत के अनुसार ही बिजली बिल जारी किए जाए और उपभोक्ताओं को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। साथ ही बिलों में सुधार लाने के लिए रोस्टरवार शिविर लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा, बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, पंचायती राज विभाग, लघु सिंचाई विभाग एवं पुलिस विभाग से संबंधित भी कई शिकायतें सीएम हेल्पलाइन में लम्बित थी। जिस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को लंबित मामलों को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। तथा जनता की शिकायतों व समस्याओं को गंभीरता से लेने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता नागरिकों को सुगम सेवाएं प्रदान करना है, इस हेतु सभी विभाग तत्परता व स्मार्ट वर्क के साथ काम करें। उन्होंने सभी विभागों को सख्त निर्देश दिए कि जनसामान्य को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए, ताकि जनता का विश्वास प्रशासनिक व्यवस्था पर बना रहे।

# सफाई व्यवस्था की जांच को निकले कैंट बोर्ड सीईओ जाकिर हुसैन, चरमराई व्यवस्था देख हुए नाराज

वेलकम इंडिया



**मेरठ।** सफाई कर्मचारीयों की विभिन्न समस्याओं को लेकर शनिवार को अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कांग्रेस शाखा छावनी परिषद मेरठ के बैनर तले छावनी परिषद परिसर में एक दिन का सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया जा रहा था इसी बीच कैंट बोर्ड सीईओ जाकिर हुसैन धरना स्थल पर पहुंचे। प्रदर्शन कारीयों ने बताया गया की ठेका प्रथा के चलते सफाई कर्मचारी का उत्पीड़न हों रहा है उन्होंने उच्च न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए इस प्रथा को बंद करने की मांग की साथ ही उन्होंने पांच वार्डों को प्राईवेट ऐजेंसी के हवाले किए जाने के बाद इन क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था चरमरा जाने का आरोप लगाया। तथा विभाग परमानेंट सफाई कर्मचारियों से तीन वार्डों मे सफाई का काम लिया जा रहा है वहां पर एक कर्मचारी से तीन कर्मचारियों का काम लिया जा रहा है। ध्वस्त सफाई व्यवस्था के आरोपो के जांच के लिए सीईओ जाकिर हुसैन तुरंत ऑफिस सुपरीटेंडेंट जयपाल सिंह तोमर सफाई विभाग इंस्पेक्टर अभीषेक गंगवार व सुपरवाइजरो की टीम साथ वार्ड नंबर चार मौहल्ला रविन्द्र पुरी में पहुंचे उनके साथ प्रदर्शन कारीगरों नेता भी मौजूद रहे। उन्होंने सीईओ को सड़क के किनारे कुंडे के ढेर और गली-मोहल्लों में नालीयों गंदगी से भरी दिखाई तथा आगे सोतीगंज इलाके में पहुंचे वहां के नालों को गंदगी से भरा पाया तो सीईओ ने आस-पास खड़े लोगों से नाला सफाई को लेकर जानकारी ली उन्होंने बताया गया दो तीन दिन से सफाई कर्मचारी आ रहे और नाला साफ किया जा रहा है। इसके बाद सीईओ टीम के साथ लालकुर्ती क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे यहां पर नालों में भरी गंदगी को देख सीईओ ने नाराजगी जाहिर की तथा सफाई के लिए मौजूद सफाई कर्मचारीयो सख्त को निर्देश दिए और कहा कि जनता की शिकायत पहुंची तो सख्त कार्रवाई होगी।

## सरयू नदी पर मोटर पुल सुधारीकरण को त्वरित गति से शीघ्र पूर्ण कराने की मांग मुखर

**बागेश्वर।** गोमती पुल पर बने पुल की मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद अब एनएच द्वारा सरयू पुल की प्लेटें बदलने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। जिस हेतु पुलिस ने यातायात डायवर्जन किया है। इधर कार्य तीव्र गति से किए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। बाद में एन एच के अधिकारियों ने कहा कि कार्य देर रात तक किया जाएगा जिसके बाद व्यापारी शांत हुए। विगत माह एनएच द्वारा गोमती पुल में प्लेटें बदलने का कार्य किया गया जिसमें ठेकेदार द्वारा लगभग एक माह का समय लगा। इधर अब पुनः सरयू पुल की प्लेटें बदलने का कार्य किया जा रहा है।

# पहाड़ी आर्मी ने फूंका विधानसभा अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री अग्रवाल का पुतला

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** पहाड़ी आर्मी ने पहाड़ियों की अनदेखी पर कड़ी आपत्ति जताई है। कहा कि पहाड़ियों की अनदेखी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यूसीसी से लिव इन रिलेशनशिप हटाने की मांग की गई। संगठन से जुड़े लोगों और बागेश्वर संघर्ष वाहिनी ने विधानसभा अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल का पुतला भी फूंका। पहाड़ी आर्मी संगठन अध्यक्ष हरीश रावत ने कहा कि शासन प्रशासन पहाड़ियों की अनदेखी कर रहा है, जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने गाय को गौ माता का दर्जा देने, उत्तराखंड के त्योहारों को राजकीय त्योहारों का दर्जा देने की मांग की है। जबकि राजकीय अवकाशों में अधिकांश अवकाश मुस्लिम और अन्य धर्मों के त्योहारों में छुट्टियां होने जबकि राज्य में स्थानीय त्योहारों में सरकार द्वारा छुट्टियां नही किए जाने से देवभूमि के प्रमुख त्योहारों की उपेक्षा करनेके आरोप लगाते हुए शीघ्र हिंदुओं के प्रमुख छोटे छोटे त्योहारों पर छुट्टियां घोषित किए जाने की मांग की। कहा कि पहाड़ से पलायन होने का मुख्य कारण शिक्षा और स्वास्थ्य है, जिसे सरकार को बेहतर करना होगा। उन्होंने कहा किसी भी बाहरी व्यक्तियों द्वारा पहाड़ी लोगों के साथ गलत व्यवहार पहाड़ी आर्मी बर्दाश्त नहीं करेगी। पहले उत्तराखंड पुलिस भर्ती, जिले लेवल की मेरिट के आधार पर युवकों की भर्ती होती थी, लेकिन अब सरकार ने इसे राज्य स्तरीय मेरिट के आधार पर भर्ती कर रही है, जो केवल देहरादून हरिद्वार के लोगों को ही फायदा पहुंचाने का काम है। उन्होंने जिला स्तर पर मैरिट बनाने की मांग की है। पहाड़ी आर्मी संगठन को अपना सहयोग देते हुए बागेश्वर संघर्ष वाहिनी जिलाध्यक्ष कवि जोशी ने यात्रा का स्वागत किया और जनहित के मुद्दों पर किए जाने वाले आंदोलन को अपना सहयोग देने का भरोसा दिया। साथ ही नाराजगी जताते हुए सरकार के मंत्री के पहाड़ियों के खिलाफ दिए गए बयान की आलोचना करते हुए एसबीआई तिराहे पर पहाड़ी आर्मी के कार्यकताओं ने सरकार का पुतला दहन किया। इस मौके पर यात्रा संयोजक विनोद शाही, जिलाध्यक्ष पूरन सिंह मेहता, बागेश्वर संघर्ष वाहिनी जिलाध्यक्ष कवि जोशी, प्रकाश पांडे, दिव्यांशु कुमार, भुवन पांडे, भगवंत राणा, विनोद नेगी, गौरव गोस्वामी मयंक कमार मोदन कांडपाल कपिल, भगवत सिंह राणा, गौरव गोस्वामी आदि मौजूद थे।

# एसआरएम दिल्ली-एनसीआर परिसर में खेल 2025 का शानदार शुभारंभ

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर।** एस.आर.एम. दिल्ली एन?सीआर परिसर में खेल 2025 (जो खेले वो खिले) का जोशपूर्ण आगाज से आयोजन हुआ। यह आयोजन सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि जोश, जुनून और टीम स्पिरिट का उत्सव था। विश्वविद्यालय के 28वें स्थापना महोत्सव के अवसर पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में छात्रों, संकाय सदस्यों और अतिथियों का उत्साह देखने लायक था। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन और मंगलाचरण से हुई, जिससे पूरे माहौल में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इसके बाद परिसर के वरिष्ठ पदाधिकारियों और विशेष अतिथियों ने अपने प्रेरणादायक विचार साझा किए। डॉ. नवीन अहलावत (डीन, एसएंडएच) ने खेलों के अनुशासन और समर्पण की महत्ता पर जोर देते हुए कहा जो आज पसीना बहाता है, वह कल सफलता की ऊंचाइयों को छूता है। डॉ. आर. पी. महापात्रा (डीन) ने अपने प्रेरणादायक शब्दों में कहा खेल हमें सिर्फ जीतना नहीं सिखाते, बल्कि मिलकर आगे बढ़ने और हर चुनौती को आत्मविश्वास से स्वीकारने की सीख देते हैं। डॉ. एस. विश्वनाथन (निदेशक) ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा खेल केवल शारीरिक गतिविधि नहीं है, यह नेतृत्व, मानसिक मजबूती और आत्म-अनुशासन का पाठ पढ़ाता है। कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित भारतीय क्रिकेटर प्रियांश आर्य ने अपने अनुभव साझा करते हुए छात्रों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा हर एथलीट की सफलता की कहानी मेहनत, धैर्य और आत्मविश्वास से लिखी जाती है। इस आयोजन के मुख्य अतिथि, डॉ. संजय भारद्वाज (द्रोणाचार्य अवार्डी, क्रिकेट कोच) ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा, खेलों में हार-जीत मायने नहीं रखती, बल्कि यह मायने रखता है कि आप खुद को कितना निखारते हैं और हर दिन बेहतर बनने का प्रयास करते हैं। इसके बाद डॉ. धौम्या भट्ट (डीन, आईक्यूएसी) ने छात्रों और आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा, ऱखेल जीवन का आईना हैं झ्र इसमें मेहनत, संघर्ष और सफलता, तीनों का मेल होता है। कार्यक्रम का समापन टॉर्च रन के साथ हुआ, जो ऊर्जा, उत्साह और खेल भावना का प्रतीक था। इसके बाद खेल 2025 मे होने वाली विभिन्न गतिविधियों की आधिकारिक रूप से घोषणा हुई, और पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। एस.आर.एम दिल्ली-एनसीआर परिसर इस भव्य आयोजन की सफलता के लिए सभी अतिथियों, आयोजकों और विद्यार्थियों का तहे दिल से आभार व्यक्त करता है। अब सभी की निगाहें रोमांचक प्रतिस्पधाओं और अविस्मरणीय पलों पर टिकी हैं, जो खेल 2025 को यादगार बनाएंगे!

## परीक्षा के दौरान धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर हटाए जाएं

**मोदीनगर।** तहसील दिवस के अवसर पर मोदीनगर के समस्त सभ्य समाज के कार्यकताओं द्वारा एक शिकायत पत्र तहसीलदार व एसडीएम को दिया गया। जिसका मुख्य विषय तहसील क्षेत्र मोदीनगर में स्थित विभिन्न मस्जिदों की मीनारों से हर रोज लाउडस्पीकर लगाकर होने वाली तेज आवाज में अजान से बहुत ज्यादा शोर होता है । आजकल बच्चों के एग्जाम चल रहें हैं। जिसमें लाउडस्पीकर द्वारा तेज शोर से बच्चों को पढ़ाई में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट व इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा भी इस बारे में दिशा निर्देश जारी किए जा चुकें हैं। अतः कोर्ट द्वारा दिये गए दिशा निर्देश का पालन करतें हुए इस प्रकार के सभी उपकरण मस्जिदों से उतरवाएं जाएं। जिससे बच्चें शांत वातावरण में पढ़ाई कर अपनी परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर सकें ।शिकायत करने वाले सभ्य समाज के कार्यकताओं में मुख्य रूप से निकुंज,प्रतीक, अनुभव, रितिक, शुभम,गगनिश, अनिल आदि।

# आपकी समस्या का समाधान ही उनकी प्राथमिकता है:डॉ मंजू शिवाच



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** विधानसभा क्षेत्र की नगर पंचायत पतला में शहीद विनोद कुमार (92 बीएन, सीआरपीएफ ) की स्मृति में निर्मित अमर शहीद द्वार का लोकार्पण के.पी मलिक (मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार), राजकुमार सांगवान सांसद (बागपत लोकसभा) एवं डॉ मंजू शिवाच (विधायक मोदीनगर) की उपस्थिति में किया गया ।इस दौरान विधायक डॉ मंजू शिवाच ने वहाँ उपस्थित लोगों से मुलाकत कर उनकी समस्याओं को सुना। डॉ मंजू शिवाच ने कहा आपकी समस्या का समाधान ही उनकी प्राथमिकता है। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत पतला अध्यक्ष रीता चौधरी, मोदीनगर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली जाटव, नगर पंचायत निवाड़ी अध्यक्ष अनिल त्यागी, देवेन्द्र चौधरी, योगेन्द्र पतला, सचिन त्यागी (मण्डल अध्यक्ष), नीतू चौधरी (शहीद की वाइफ), रघु एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# निष्काम भवन में एक अनोखा विवाह समारोह हुआ सम्पन्न



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** प्रमुख सामाजिक संस्था निष्काम सेवक जत्था समिति और एहसास महिला समिति ने मिल-जुलकर एक बिटिया का विवाह समारोह आयोजित किया जिसमें उक्त बिटिया के माता-पिता के स्वर्गवासी हो जाने के कारण निष्काम तथा एहसास परिवार ने बिटिया के विवाह का फर्ज निभाया। विवाह समारोह गोविंद्पुरी स्थित निष्काम भवन में आयोजित किया गया था, जहां निष्काम परिवार और एहसास परिवार के सदस्यों ने मिल-जुलकर विवाह के इस पवित्र बंधन को विधिवत रूप से संपन्न किया। यह विवाह बेहद ही सीमित लोगों के बीच और बेहद ही सादगीपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। निष्काम और एहसास समिति के सदस्यों ने मिल-जुलकर कन्यादान भी किया तथा बिटिया को विवाहोपरांत उसकी जरूरत की तमाम वस्तुएं भी उपहार स्वरूप भेंट की। विवाह सम्पन्न होनें के बाद निष्काम एवं एहसास सदस्यों नें सामूहिक रूप से नवविवाहित जोडे को आशीर्वाद देकर निष्काम भवन से विदा किया तथा नये सफर की शुभकामनाएं दी। निष्काम के संस्थापक एवं अध्यक्ष जसमीत सिंह नें विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि निष्काम परिवार और एहसास परिवार ने आपस में मिलकर यह एक नई शुरूआत की है इस शुभ विवाह की मध्यस्थता करते हुए सम्पूर्ण करानें में विनय चौहान और नैना चौहान का मुख्य योगदान रहा तथा सहयोग के साथ विवाह सम्पन्न करानें में अनुप्रीत कौर, आंचल खुराना, प्रेम कुमार चचडा, राजेश खुराना, धीरज कालरा, लवली सचदेवा, ट्विंकल बत्रा, मंजीत सिंह, रूचि विज, गौरव जगपाल, रविन्द्र कुमार आदि का सामूहिक योगदान रहा।

# मिल्कीपुर में संपूर्ण समाधान दिवस एडीएम वित्त एवं राजस्व महेंद्र कुमार सिंह उप जिलाधिकारी ने सुनी जनसमस्याएं

वेलकम इंडिया



**मिल्कीपुर अयोध्या** तहसील मिल्कीपुर का संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम वित्त एवं राजस्व महेंद्र कुमार सिंह एवं उपजिलाधिकारी राजीव रत्न सिंह ने सुनी जन शिकायतें, सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 37शिकायतों के सापेक्ष मौके पर एक का निस्तारण हो सका। मिल्कीपुर तहसील मुख्यालय पर समाधान दिवस शनिवार को एडीएम वित्त एवं राजस्व श्री महेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ।

समाधान दिवस में ग्राम पंचायत खजुरी मिजार्पुर निवासी आशीष पाठक ने दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है की आवारा पशुओ से किसानो का नुकसान हो रहा है मिल्कीपुर उप चुनाव को देखते हुए आवारा पशुओं को पकड़ा गया था लेकिन फिर भारी मात्रा में आवारा पशु घूम कर फसल को नस्ट कर रहे इनको जल्द से जल्द पकड़वाने की मांग की है ।इसी तरह से ग्राम सभा हरिरामपुर रौना पूरे नोखई मिश्र परसपुर शथरा आछोरा रना पूर सहित कई गांवो में आवारा पशु घूम रहे है और किसानो की फसलों को नस्ट कर दे रहे है। तहसील समाधान दिवस के दौरान कुल 37 शिकायतें पेश हुई जिनमें एक शिकायतों का निस्तारण कराया जा सका। संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकतर मामले सरकारी भूमि पर अवैध कब्जेदारी से ही संबंधित रही ।समाधान दिवस के दौरान ए डी एम वित्त एवं राजस्व -श्री महेंद्र कुमार सिंह ने समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों व प्रतिनिधियों को खाना पूर्ति न करने का निर्देश देते हुए कहा कि स्थल पर जाकर पीड़ित से मिले तभी कोई रिपोर्ट लगाए ।पुनः ऐसी शिकायते दुबारा आने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी ।इस मौके पर उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रत्न सिंह , क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर श्री यस त्रिपाठी , तहसीलदार मिल्कीपुर सुमित सिंह,खंड विकास अधिकारी मिल्कीपुर कमला प्रसाद श्रीवास्तव, खंड विकास अधिकारी हरिन्टन गंज अखिलेश कुमार मिश्र पूर्ति निरीक्षक मिल्कीपुर, यस डी ओ विद्युत विभाग मिल्कीपुर, तीनों थानों के प्रतिनिधि व अन्य विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस पर उपजिलाधिकारी ने सुनी जनशिकायतें



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** संपूर्ण समाधान दिवस पर उपजिलाधिकारी डा0 पूजा गुप्ता ने मोदीनगर तहसील मुख्यालय पर जनशिकायतें सुनी। प्राप्त 39 में से महज 3 जनसमस्याओं का ही मौके पर निस्तारण हो पाया। शेष को तत्संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई हेतु भेज दिया गया। उपजिलाधिकारी डा0 पूजा गुप्ता, तहसीलदार रजत कुमार, एसीपी ज्ञानप्रकाश राय, विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर पालिका सहित अन्य कई विभागों के सक्षम अधिकारी मौजूद थे। उपजिलाधिकारी डा0 पूजा गुप्ता ने इस मौके पर सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे संपूर्ण समाधान दिवस को गंभीरता से लें तथा प्राप्त जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कर फरियादियों को संतुष्ट करने का हरसंभव प्रयास करें।

# सात सौ एक मातृ शक्तियों ने दुरदुरिया कार्यक्रम में शामिल होकर अमन चैन की मांगी दुआएं

वेलकम इंडिया



**मिल्कीपुर अयोध्या** खंडासा क्षेत्र के बहादुरगंज तिराहा स्थित मां कामाख्या भवानी मन्दिर कौराह मे आयोजित 701 मातृ शक्ति स्वरूपा महिलाओं ने अवसान माई की दुदुरिया कार्यक्रम में शामिल होकर परिवार व देश के लिए अमन चैन की दुआएं मांगी। दुरदुरिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अयोध्या श्रीमती रोली सिंह एवं प्रतिनिधि जिला पंचायत अध्यक्ष रोहित सिंह ने सभी मातृ शक्तियों को प्रणाम कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। दुरदुरिया कार्यक्रम में क्षेत्र के समाज सेवी राजन पांडे की पत्नी श्रीमती तृप्ति पान्डेय, सहित क्षेत्र की महिलाएं शामिल रही। कार्यक्रम की संयोजक क्षेत्र पंचायत सदस्य आशीष तिवारी की पत्नी नीता तिवारी ने सभी मातृशक्ति स्वरूपा महिलाओं को अंगवस्त्र, चंदन, रोली, आदि लगाकर मां अवसान माई की कहानी की शुरूआत कर प्रसाद का वितरण कराया। इस मौके पर क्षेत्र के सुरेंद्र सिंह,शीतला प्रसाद बाजपेई, अंकित पांडे जिला पंचायत सदस्य मिल्कीपुर, राजेश सिंह, हनुमान दत्त पांडे, पारसनाथ शुक्ला, कोटेदार ओमप्रकाश तिवारी, हरि कुमार तिवारी, सीताराम यादव, सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** राष्ट्रीय लोकदल पार्टी के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी के नेतृत्व में जनपद गाजियाबाद के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष, केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री जयंत चौधरी का दिल्ली से मेरठ जाते समय दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे भोजपुर पर भव्य स्वागत किया गया। इस स्वागत में जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, रणबीर दहिया प्रदेश महासचिव, डॉ.पूनम गर्ग महासचिव महिला प्रकोष्ठ, रेखा चौधरी महानगर अध्यक्ष, सुमन चौधरी जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, बिट्टू खंजरपुर, राम भरोसे, अजीत खंजरपुर, ऑ.डी.त्यागी, एड.गौरव प्रताप सिंह, अवधेश दीक्षित, युवा राष्ट्रीय सचिव अभिषेक त्यागी, मुजीबुर रहमान, राहुल चौधरी, योगेश फफराना, उपेंद्र चौधरी, अमित चौधरी, सुरेंद्र पाल सिंह, अरुण भुल्लन जी, फहीम फहद नगर, हिमांशु नागर, बाबू सुल्तानपुर, आदित्य रॉयल, मंजू जाटव, दिनेश चौधरी, राजशेखर सिंह, तरुण सिंह, कादिर सारा, कुरु चौधरी, सुरेंद्र तेवतिया, राहुल गुर्जर, सागर ढींगरा, दीपक नेहरा, रामभरोसे लाल मौर्य, विपिन जिंदल, संदीप राणा अरुण चौधरी भूलन, आशीष चौधरी, कपिल पंडित, रजत धीमान, दीपू शर्मा, गौरव करोटिया, मोहित नागर, संजय कुमार, मुकेश चौधरी, टीटू सिंह, सुजीत सोनी, लव ठाकुर, रवि कुमार सचिन त्यागी आदि।

# उद्यमिता जागरूकता विषय पर कार्यशाला का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज, मोदीनगर में प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा के संरक्षण में छात्राओं हेतु एम. एस. एम. इ. टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट सेंटर के द्वारा उद्यमिता जागरूकता विषय पर एक साप्ताहिक कार्यशाला का आयोजन अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा किया गया। कार्यशाला की संयोजिका असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.सारिका गर्ग के निर्देशन में कार्यशाला के अंतिम दिवस सरस्वती जी के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर प्रारम्भ हुआ। आज कार्यशाला के अंतिम दिन मुख्य वक्ता, वाई. के. शर्मा, प्रो. पूनम शर्मा,, डॉ. सारिका गर्ग, एवं पी. एन. बी. बैंक मोदीनगर के चीफ मेनेजर मनी भूषण झा ने छात्राओं को डिजिटल बैंकिंग के बारे में गूढ़ जानकारी प्रदान करते हुऐ इसके लाभ व हानि के बारे में विस्तार से चर्चा की तथा इसके साथ ही भारतीय सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस कार्यशाला में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की। कार्यशाला में प्रो. पूनम शर्मा ने छात्राओं को परिवर्तन प्रबंधन विषय के बारे में जानकारी दी साथ ही सारिका गर्ग ने नेतृत्व क्षमता के परिचय तथा गुणों के बारे में विस्तार से चर्चा की ।कार्यशाला को सफल बनाने में संगीत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ आकांक्षा सारस्वत, होम साइंस विभागाध्यक्ष ऐश्वर्य बहुगुणा एवं संस्कृति विभागाध्यक्ष मंजू कन्नोजिया एवं फरा खान का विशेष योगदान रहा।

# श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलशयात्रा

वेलकम इंडिया





**मिल्कीपुर (अयोध्या)** मिल्कीपुर तहसील के ग्राम सभा कुचेरा पूरे सीताराम के पुरवा गाँव कुचेरा अयोध्या में श्रीमद् भागवत कथा आरंभ होने से पूर्व गाजे-बाजे के साथ निकाली गई भव्य कलश यात्रा। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व पुरुष तथा बच्चों ने बढ़ चढ़ कर लिया हिस्सा। मिल्कीपुर तहसील के ग्राम सभा कुचेरा पूरे सीताराम के पुरवा गांव में शुक्रवार को श्रीमद् भागवत कथा की शुरूआत होने से पहले कथा व्यास सुप्रसिद्ध जी पावन ----- के नेतृत्व में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा कुचेरा पूरे सीताराम का पुरवा गाँव कुचेरा अयोध्या निवासी श्री अयोध्या प्रसाद शर्मा के घर से सीताराम के पुरवा होते हुए कुचेरा बाजार स्थित हनुमान मंदिर तक गाजे-बाजे तथा अबीर गुलाल के साथ कलस यात्रा निकाली गई। कुचेरा पूरे सीताराम के पुरवा गांव निवासी अयोध्या प्रसाद द्वारा अपने आवास पर सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। जिसमें कथा व्यास पंडित मंगल पाण्डेय जी महराज श्री धाम वृन्दावन के द्वारा भक्तों को कथा का रसपान करायेगे । आयोजक/यजमान ने बताया श्रीमद् भागवत कथा का रसपान भक्तों को 28 फरवरी 2025 शुक्रवार से 6 मार्च तक कराया जाएगा। कलश यात्रा कुचेरा पूरे सीताराम का पुरवा गाँव से निकलकर जंगली माता, अगवान बाबा, बरम बाबा स्थान होते हुए कुचेरा हनुमान,राम जानकी मंदिर में पूजा अर्चन करने के बाद ।वहीं कलस में जल भरने के बाद कलश यात्रा वापस सीताराम के पुरवा श्री अयोध्या प्रसाद के निज निवास स्थान कथा स्थल पर पहुंची। जहां सुप्रसिद्ध कथा ब्यास पंडित -श्री मंगल पाण्डेय महराज जी श्री धाम वृन्दावन की देखरेख में विद्वत मंत्रोच्चार के बीच 6मार्च तक श्री मद भागवत कथा चलने वाली इस सात दिवसीय श्रीमद् भगवत कथा प्रारम्भ की गई। कलश यात्रा मे प्रमुख रूप से मुख्य यजमान /,आयोजक अयोध्या प्रसाद शर्मा,शिव प्रसाद शर्मा,सोनू शर्मा,मोनू शर्मा,रामसिंह शर्मा,विद्याप्रसाद शर्मा अम्बिका प्रसाद शर्मा,जगदम्बा प्रसाद शर्मा,रामप्रसाद शर्मा,देवी प्रसाद शर्मा कन्हैलाल शर्मा,रामजीत शर्मा समस्त शर्मा परिवार सहित भक्ति गण,मित्र गण व मात्र शक्तियां शामिल रही।

# आपसी प्रेमभाव व सौहार्द का परिचय देते हुए पत्रकारों ने धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह

वेलकम इंडिया











**गाजियाबाद।** हर वर्ष की भाँति इस बार भी पत्रकारों द्वारा होली मिलन समारोह श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर कविनगर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्रा, नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, डी सी पी राजेश सिंह, एडिशनल सी पी कल्पना सक्सेना, डी सी पी निमिष पाटिल, एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव सहित तमाम पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे साथ ही सैकड़ों की संख्या में मीडिया बन्धु उपस्थित हुए। सभी ने होली महोत्सव का भरपूर आनंद लिया तथा उपस्थित सभी लोगों को होली की शुभकामनाएं दी। होली मिलन समारोह के अवसर पर पत्रकारों द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवियों का संचालन दीपाली जैन ने किया। दीपाली जैन, माधुरी मुस्कान, धरमवीर शर्मा, डा. आर.पी. शर्मा व उषा श्रीवास्तव ने कविता पाठ किया। दीपाली जैन ने अपने पाठ में कहा कि 'जिया' मुंह पर सिल्वर पेंट लगाकर घूमें आशिक गली गली चढ़ा के देसी ठर्रा देखो झूम आशिक गली गली सोच रहे हैं किसी हसीना को जी भर कर रंग डालें, किसी की ठंडाई में चोरी से चुपके से भंग डालें, दिल में जितने भी अरमान है सारे पूरे कर लेंगे, मिल जाए कोई गांव की गोरी बाहों में हम भर लेंगे।

**पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने उपस्थित होकर सभी को दी होली की शुभकामनाएं**

उषा श्रीवास्तव उषाराज ने कहा कि भुला के गम सभी दिल के करें बस प्यार होली में रहेंगे साथ मिलजुल कर सभी परिवार होली में, सभी रिश्ते सभी नातों में दिल का बैर बह जाए, चले पिचकारियों से प्रेम की रसधार होली में। मुस्कान शर्मा माधुरी ने अपने काव्य में कहा कि रंग बिरंगे हुरियारों की टोली अच्छी लगती है, केसर,चंदन,महका टेसू ,रोली अच्छी लगती है। तन्हाई के मौसम में तो सब कुछ लगता है सूना, अपनों का हो साथ अगर तो होली अच्छी लगती है। कवि डॉ.आर. पी. शर्मा ने अपनी मधुर वाणी से काव्य करते हुए कहा कि रंग पे रंग लगे इतने कि हर पल रंगीन हो गई होली देवर रंग लगाने जो पहुंचे संग भौजी भैया के होली, बिटिया जो रंग लगाई बाबुल के धन ही धन्य ये हो गई होली, छुए चरण जब माता-पिता के हर दुख हर ले गई ये होली।

धर्मवीर शर्मा 'निश्चिंत' ने कहा कि चुपके-चुपके ऐसे कर गयी राधा हँसी ठिठोली, गालन पे मल दयो रंग बस कह के हैप्पी होली, ऐसो रंग चढ़ो फिर मोहन मंद-मंद मुस्कामें, ग्वाल सखा कहि तंज कसें यूँ होली कान्हा होली। कवियों के होलीमय रसधारा का सभी उपस्थित अधिकारियों व पत्रकारों ने भरपूर आनंद लिया।

इस अवसर पर एमएनए ने सभी को होली पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा कि होली आपसी एकता व सोहार्द का पर्व है और हमें आपस में मिल-जुलकर रहने का संदेश देता है। हमारे देश के जितने भी पर्व हैं, वे सभी हमारी आपसी एकता, भाई-चारे व सौहार्द को मजबूत करते हैं। हमारे पर्व जहाँ एक और भारत की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का कार्य करते हैं, वही दूसरी तरफ पर्वो से आपस में मिल-जुलकर रहने की भावना का भी विकास होता है। अतः हमें होली के संदेश को अपने जीवन में उतारते हुए इस पर्व को आपस में मिल-जुलकर मनाना चाहिए। पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि रंगों का त्योहार होली जहां एक और लोगों के जीवन में खुशी, उत्साह व आशा का संचार करता है, वही यह पर्व हमें अपने सभी बैर भाव, मतभेद आदि को भूलाकर दुश्मन को भी गले लगाकर उसे दोस्त बनाकर जीवन में नई शुरूआत करने का संदेश भी देता है। होली सामाजिक सौहार्द का पर्व भी है और यह आपसी सौहार्द, एकता व भाई-चारे का संदेश भी देता है। हमें इस पर्व को आपस में मिल-जुलकर मनाना चाहिए और अपनी खुशियों में उन लोगों को भी शामिल करना चाहिए जिनके जीवन में अभाव है। ऐसे जरूरतमंदों के चेहरे पर खुशी का रंग भरने के लिए हमें कुछ समय उनके साथ भी बिताना और उनकी भी यथासंभव मदद करनी चाहिए ताकि होली पर्व पर उनके चेहरों पर भी खुशी व मुस्कान का रंग नजर आए। इस अवसर पर डी सी पी राजेश सिंह ने कहा कि यह बहुत अच्छा कार्यक्रम है। इसकी मैं दिल से बहुत तारीफ करता हूँ। इसी तरह से एसोसिएशन द्वारा एक पत्रकार प्रशिक्षण शिविर भी लगाया जाना चाहिए जिसमें उन्हें आज के परिवेश में किस तरह से पत्रकारिता करनी चाहिए और क्या क्या परेशानियां आती है उनका किस तरह से सामना किया जाए।

इस बात पर चर्चा होनी चाहिए तथा अच्छे वक्ताओं को बुलाकर के इसका समाधान होना चाहिए। इस अवसर पर पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय जैन ने कहा कि पत्रकार हमेशा दूसरों के सुख दुख एवं महोत्सवों में शामिल होते हैं लेकिन वो अपना त्यौहार नहीं मना पाते हैं।

इसलिए पत्रकार एसोसिएशन अभी तक होली मिलन का कार्यक्रम सिर्फ.पत्रकारों के लिए करती है जिसमें सिर्फ. पत्रकार बंधु ही शामिल होते थे।लेकिन इस बार कुछ अधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया उन्होंने भी आकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।इस कार्यक्रम में सभी पत्रकारों का भारी सहयोग रहता है जिसके कारण यह कार्यक्रम लगातार ऊँचाइयों की ओर बढ़ रहा है और चारों तरफ इसकी प्रशंसा हो रही है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अध्यक्ष अमित राणा व महामंत्री हिमांशु शर्मा ने कहा कि इस बार प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने मिलकर यह प्रोग्राम किया है जो बहुत सफल रहा आगे मिलकर और भव्य कार्यक्रम किया जाएगा। इस अवसर पर महामंत्री संजीव वर्मा, योगेश कौशिक, सैय्यद अली मेहंदी, संजय श्रीवास्तव, योगेश कौशिक,रेखा अग्रवाल,के पी यादव, संजी व शर्मा, अशोक शर्मा आदि ने अपने विचार रखे। पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय जैन, योगेश कौशिक, हिमांशु शर्मा, अमित राणा आदि ने कवियों को प्रतीक चिह्न, माला पटका पहनाकर एवं तिलक लगाकर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय जैन, योगेश कौशिक, संजीव वर्मा, हिमांशु शर्मा, अमित राणा, सुदामा पाल, रेखा अग्रवाल, निरंजन सिंघल, संजीव श्रीवास्तव, के.पी. सिंह यादव, किशन स्वरूप, विरेंद्र कुमार, श्रीराम, पिंटू तोमर, मनीष गुप्ता, सी.पी. सिंह, आशा चौधरी, मंजू घई, नीरज गर्ग, राजेश श्रीवास्तव, दीपमाला, श्रेया राज, मुस्कान शर्मा, हिमांशु गर्ग, संजय मित्तल, रविंद्रनाथ दुबे, राहुल सिंघल, दीपक सिरोही, संजीव शर्मा, के.पी. त्रिपाठी, अशोक शर्मा, पंकज शर्मा, मनोज प्रजापति, नरेश राजपूत, अशोक कुमार, राकेश राजपूत, योगेश कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, उस्मान सैफी, मुकेश कर्दम, शिवम गिरी, राजवीर चौधरी, अजय सिंह रावत, विशाल रावत, शिवकुमार पवार, अजीत रावत, साकिब अली, सैय्यद अली मेहंदी, चंद्राशु त्यागी, संजय गौड़, राहिल कस्सार, चेतन कुमार, चंदन मारवाहा, रिषभ भारद्वाज, सुनील पवार, सतीश राजपूत, लक्ष्य चौधरी, आकाश गर्ग, मोहित भारद्वाज, आकाश तोमर, अमन वत्स, सोनू सिंह, अनिल चौधरी, जुबेर अख्तर, सविता शर्मा, संजय कुमार शाह, मयंक गौड़, प्रदीप वर्मा, अनुराग श्रीवास्तव, चौधरी अफसर, संजय शर्मा, जयबीर मावी, नरेश सिंघानिया, शिवम शर्मा, सत्यंम पंचोली, हरेंद्र, रवि तुषार, सोबरन सिंह, आशुतोष यादव, शोहेब सलमानी, डा. राजवीर सिंह, रणसिंह, आस मौहम्मद, रवि कुमार, आसिफ, सुधीर रस्तोगी, राहुल शर्मा, ओसामा चौधरी, सुनील त्रिपाठी, पप्पन ठाकुर, जितेंद्र चौधरी, हरीश राठौर, राजेश कौशिक, इमरान खान, नौमान खान, सन्नी गौतम, प्रशांत चौधरी, अमित, विपिन तोमर, उमेश कुमार, कुलदीप त्यागी, ललित कुमार, ठाकुर पंकज सिंह, पूजा जैन, अम्बुज उपाध्याय, मीनाक्षी शर्मा, रविंद्र सिंह, आदि सैकड़ों की संख्या में पत्रकारबन्धु मौजूद रहे।

## अवैध कॉलोनियों के खिलाफ जीडीए की बड़ी कार्रवाई, 80,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में ध्वस्तीकरण




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने अवैध कॉलोनियों और अवैध निमाणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए प्रवर्तन जोन-2 में लगभग 80,000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में फैले अनधिकृत निमाणों को ध्वस्त किया। यह कार्रवाई 28 फरवरी 2025 को उपाध्यक्ष के निदेशों के तहत की गई।

प्रवर्तन जोन-2 प्रभारी के नेतृत्व में ग्राम बसंतपुर सैंतली, ग्राम दुहाई और नवीपुर बम्बा रोड, मुरादनगर में सड़क निर्माण, मिट्टी भराई, बाउंड्री वॉल और साइट ऑफिस सहित कई अवैध निमाणों को गिराया गया।

ग्राम बसंतपुर सैंतली (खसरा संख्या 53, 555) 28,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में अवैध निर्माण गिराया गया। ग्राम दुहाई (खसरा संख्या 29, 33) झ 20,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में सड़क निर्माण और बाउंड्री वॉल ध्वस्त। नवीपुर बम्बा रोड झ 30,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में आरसीसी सड़क और बाउंड्रीवॉल को तोड़ा गया। ध्वस्तीकरण के दौरान कॉलोनाइजर और निर्माणकताओं ने भारी विरोध किया, लेकिन पुलिस और जीडीए प्रवर्तन टीम ने प्रभावी कार्रवाई कर उन्हें खदेड़ दिया।

प्राधिकरण ने स्थानीय जनता को आगाह किया कि अनधिकृत रूप से बसाई जा रही कॉलोनियों में कोई भी संपत्ति न खरीदें। अधिकारी ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति किए गए किसी भी निर्माण को बख्शा नहीं जाएगा।

## जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन पर जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील दिवस सम्पन्न

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शासनादेश के क्रम में जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन पर जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों मे सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया।

**लोनी तहसील:** अपर जिलाधिकारी प्रशासन रणविजय सिंह की अध्यक्षता में लोनी तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान कुल 56 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम लोनी राजेन्द्र, जीडीए सचिव राजेश सिंह, पुलिस अधिकारी, ईओ लोनी, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

**मोदीनगर तहसील:** एसडीएम मोदीनगर डॉ.पूजा गुप्ता की अध्यक्षता में मोदीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 39 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर 03 शिकायतों का निरस्तारण किया गया। इस दौरान एसीपी मोदीनगर, तहसीलदार रजत सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**सदर तहसील:** एडीएम सिटी गम्भीर सिंह अध्यक्षता में जनपद की सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान 38 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर 05 शिकायतों का निस्तारण किया गया। एसडीएम अरूण दीक्षित, पुलिस विभाग से एसीपी, तहसीलदार रवि सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## गाजियाबाद में जीएसटी सुविधा केंद्र का उद्घाटन, फर्जी पंजीयन पर लगेगी रोक



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राज्य कर विभाग द्वारा शनिवार को जीएसटी सुविधा केंद्र की स्थापना की गई। इस केंद्र पर जीएसटी पंजीयन से पहले बायोमेट्रिक सत्यापन किया जाएगा, जिससे फर्जी रजिस्ट्रेशन पर रोक लगाई जा सकेगी। अपर आयुक्त (ग्रेड-1) राज्य कर जोन-प्रथम मानवेन्द्र प्रताप सिंह और अपर आयुक्त (ग्रेड-1) राज्य कर जोन-द्वितीय भूपेन्द्र शुक्ला ने फीता काटकर जीएसटी सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया। इस केंद्र में कुल 06 काउंटर बनाए गए हैं, जहां आवेदनकताओं को बायोमेट्रिक प्रक्रिया पूरी करनी होगी, जिसके बाद ही पंजीयन दिया जाएगा।

मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि अब जीएसटी पंजीयन से पहले बायोमेट्रिक कराना अनिवार्य होगा। आवेदकों को जीएसटी सुविधा केंद्र में उपस्थित होकर बायोमेट्रिक प्रक्रिया पूरी करनी होगी। भूपेन्द्र शुक्ला ने कहा कि इस सुविधा से फर्जी पंजीयन पर अंकुश लगेगा, राजस्व की क्षति रुकेगी और प्रपत्रों के दुरुपयोग पर भी रोक लगेगी।

गौरतलब है कि भारत में सबसे पहले गुजरात में जीएसटी सुविधा केंद्र शुरू किए गए थे, और अब गाजियाबाद में भी इसे लागू किया गया है। इस केंद्र का नोडल अधिकारी संयुक्त आयुक्त विवेकानंद शुक्ला को बनाया गया है। इस मौके पर संयुक्त आयुक्त जिलाजीत सिंह, संयुक्त आयुक्त श्री राम गोंड सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## भारी वाहनों से पेट्रोल-डीजल चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ मार्ग पर ढाबों और होटलों के बाहर खड़े भारी वाहनों से पेट्रोल और डीजल चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान आकाश निवासी गांव अबूपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से 40 लीटर पेट्रोल और 25 लीटर डीजल बरामद किया। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि अबूपुर क्षेत्र में भारी वाहनों से ईंधन चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही थीं। इस पर थाना मोदीनगर पुलिस ने सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों की तैनाती की और मुखबिरों के नेटवर्क को सक्रिय किया। मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने आरोपी को चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी आकाश ने कबूल किया कि वह रात के समय ढाबों और होटलों के बाहर खड़े ट्रकों और बसों से पेट्रोल-डीजल चोरी करता था और इसे सस्ते दामों पर बेचता था। फिलहाल, पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और यह जांच कर रही है कि वह इस चोरी के रैकेट में अकेला शामिल था या उसके साथ अन्य लोग भी जुड़े हुए थे।

## नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद में मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद एवं माय भारत गाजियाबाद, खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान एवं श्री देवेंद्र कुमार उपनिदेशक के मार्गदर्शन में आज राम चमेली चड्ढा विश्वास गर्ल्स कॉलेज गाजियाबाद में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कॉलेज की प्रधानाचार्य श्रीमती नीतू चावला एवं श्री देवेंद्र कुमार उपनिदेशक द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया । इस अवसर पर श्रीमती शशी खन्ना रजिस्टर डॉक्टर वीना दलानिया, डॉक्टर संगीता सोलंकी , श्रीमती शशी खन्ना, संयोजिका, गीतांजली खुराना, सहायक प्रोफेसर सुश्री पल्लवी शर्मा कार्यक्रम अधिकारी एन एस एस उपस्थिति रही। कार्यक्रम के पृष्ठभूमि के विषय में श्री देवेंद्र कुमार उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र ने बताया की श्री चंद्रशेखर रमन ने 28 फरवरी 1928 भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में जो रमन प्रभाव की खोज की थी उनके सम्मान में यह दिन हर वर्ष 28 फरवरी को मनाया जाता है। इसी खोज के लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। इस वर्ष इस दिन का थीम ₹ विकसित भारत के निर्माण में विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना₹ कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नवाचार के प्रति जागरूकता एवं लगाव पैदा करना है।

